

देवानाम च ऋषणाम च
गुरुं कांचन सन्निभम।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्॥

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.sandhyajyotidarpan.com



वर्ष 38 | अंक 85 | जयपुर, गुरुवार, 12 फरवरी, 2026 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य: 2 रु.





पेज-5 दक्षिण अफ्रीका और...



कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते संगोऽस्त्वकर्मणि॥



साबुन की ब्रांड एंबेसडर बनकर... पेज-6



उदयपुर, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, कोटा, बीकानेर, सवाईमाधोपुर, टोंक, सीकर, झुंझुनूं, दौसा, अजमेर, रींगस, श्रीमाधोपुर, खाटूश्यामजी, लक्ष्मणगढ़, चौमूं व कुचामनसिटी में प्रसारित।


### मस्ती...



संगम (प्रयागराज) में नौकाओं की दौड़ में शामिल प्रतियोगी।

# बांग्लादेश में चुनी जा रही है नई सरकार

## भारत की भी है पैनी नजर



**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। इस बार 51 राजनीतिक पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए मैदान में हैं। बांग्लादेश में करीब 12.7 करोड़ मतदाता आज अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस चुनाव में युवाओं की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है क्योंकि लगभग आधे मतदाता 18 से 37 साल के हैं। इनमें करीब 45.7 लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान पीएम पद के सबसे बड़े दावेदार हैं। इस चुनाव में उनकी पार्टी बीएनपी सत्ता की सबसे बड़ी दावेदार है। वहीं जमात ए इस्लामी पार्टी के नेता शिफुकर रहमान और नेशनल सिटिजन्स पार्टी के नेता नाहिद इस्लाम भी पीएम पद का अहम चेहरा हैं। नाहिद इस्लाम ने दावा किया है कि जमात-एनसीपी समेत 11 दलों का गठबंधन सरकार बनाएगा। इस बार के चुनाव में बड़ी संख्या में लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। महिलाएं ने सुबह से ही बड़ी संख्या में वोट देने के लिए आ रही हैं। कुछ जगहों पर मतदान अधिकारी वोट डालने में बुजुर्गों की मदद कर रहे हैं।

### 299 सीटों पर ही वोटिंग

**बांग्लादेश की संसद में 300 सीटों के लिए वोटिंग होती है लेकिन आज 299 सीटों पर ही वोट डाले जा रहे हैं। शेरपुर-3 सीट पर एक उम्मीदवार की मौत के बाद वहां मतदान रद्द कर दिया गया है।**

### नई राजनैतिक समीकरण बनेंगे

**आम तौर पर भारत किसी पड़ोसी देश के चुनावों में इतनी बारीकी से दिलचस्पी नहीं लेता लेकिन इस बार मामला अलग है। वजह साफ है, करीब दो दशकों बाद पहली बार बांग्लादेश में एक ऐसी सरकार बनने जा रही है जिसमें शेख हसीना की अवामी लीग सत्ता में नहीं होगी। भारत लंबे समय से अवामी लीग सरकारों के साथ काम करता आया है। अब उसे एक बिल्कुल नई राजनीतिक हकीकत का सामना करना पड़ रहा है। इस चुनाव से भारत को ऐसे नतीजों का सामना करना पड़ सकता है जिनसे वह पिछले बीस साल में नहीं गुजरा। यही वजह है कि बांग्लादेश के चुनाव पर भारत की नजरें भी टिकी हुई हैं।**

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

### चाय बागान में मिली लाश

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** बांग्लादेश में आम चुनाव से ठीक एक दिन पहले अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय में दहशत फैल गई है। 11 फरवरी को मौलवी बाजार जिले के कमलगंज उपजिला में एक चाय बागान से 28 साल के हिंदू युवक रतन साहूकार की लाश बरामद हुई। डेली स्टार के मुताबिक पुलिस ने बताया कि उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे और शरीर पर गंभीर चोट के निशान थे। यह घटना चुनावी हिंसा और अल्पसंख्यकों पर हमलों की बढ़ती आशंका को और गहरा कर रही है। स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 10 बजे चंपारा चाय बागान में रतन की लाश देखी और तुरंत पुलिस को सूचना दी। लाश खून से लथपथ थी और शरीर पर कई जगह चोट के गहरे निशान थे। कमलगंज पुलिस स्टेशन के इंचार्ज अब्दुल अवाल ने पुष्टि की कि मृतक रतन साहूकार था जो इसी बागान में काम करता था और इस्लामपुर यूनियन से जुड़ा हुआ था। परिवार वाले रतन को पिछले रात से ढूंढ रहे थे। उसके बड़े भाई लक्ष्मण कर ने बताया कि रात भर हम उसे तलाशते रहे। सुबह हमें खबर मिली कि बागान में उसकी लाश पड़ी है। हम वहां पहुंचे और उसे पहचान लिया। हमें नहीं पता कि उसे क्यों मारा गया। परिवार सदमे में है और इस हत्या का कोई कारण समझ नहीं पा रहा।

## यूएन की निगरानी टीम का खुलासा

# जैश ने करवाया था लाल किले पर हमला

### विशेष महिला आतंकी विंग बनाने का भी दावा



**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकवाद विरोधी निगरानी टीम ने लाल किले पर हुए धमाके को लेकर बड़ा खुलासा किया है। यूएन ने बताया कि एक सदस्य देश ने सूचना दी है कि जैश ए मोहम्मद ने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी स्वीकार की है। इसके साथ ही यूएन ने आतंकी संगठन की बदलती रणनीतियों पर चिंता जताते हुए मसूद अजहर द्वारा जमात उल मुमिनात नामक एक विशेष महिला आतंकी विंग के गठन की पुष्टि की है। दरअसल जैश ए मोहम्मद का भारत को मुख्य रूप से निशाना बनाकर आतंकवादी गतिविधियों का एक लंबा इतिहास रहा है। यूएन ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया है कि एक सदस्य देश ने सूचना दी है कि जैश ए मोहम्मद ने कई हमलों की जिम्मेदारी ली है और 9 नवंबर को नई दिल्ली के लाल किले पर हुए हमले से भी उसका संबंध है जिसमें 15 लोग मारे गए थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि 8 अक्टूबर को जैश ए मोहम्मद के नेता मसूद अजहर ने औपचारिक रूप से जमात उल मुमिनात नामक एक महिला निहित शाखा की स्थापना की घोषणा की। इस नए संगठन का स्पष्ट उद्देश्य आतंकवादी हमलों को समर्थन देना था जो समूह द्वारा भर्ती और सहायता रणनीतियों में बदलाव का संकेत देता है।

### यूएन की चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र की निगरानी दल ने चेतावनी दी है कि निरंतर आतंकवाद विरोधी दबाव के बावजूद जैश ए मोहम्मद जैसे समूह नए भर्ती मॉडल या प्रतीकात्मक, प्रभावशाली हमलों के माध्यम से अनुकूलनशीलता प्रदर्शित करना जारी रखे हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार भले ही कुछ आतंकी संगठन कमजोर या खंडित हो गए हों लेकिन उनकी खुद को नया रूप देने, पुनर्गठित करने और उच्च स्तरीय लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बनी हुई है। ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र की निगरानी दल ने आतंकवाद की वर्तमान स्थितियों को भी उजागर किया। यहां कुछ देश जैश ए मोहम्मद को सक्रिय और परिचालन की दृष्टि से खतरनाक मानती हैं वहीं एक अन्य सदस्य देश का कहना है कि यह संगठन निष्क्रिय हो चुका है जो खुफिया आकलन और जमीनी कार्रवाई में लगातार मौजूद कमियों को दर्शाता है।

## साथी छात्रा की हत्या करने वाले की मौत

**तरनतारन, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** पंजाब के तरनतारन जिले की गांव उसमा के कॉलेज ऑफ लॉ के सेकंड सेमेस्टर की छात्रा संदीप कौर को एक तरफा प्यार में गोली मारकर मौत की घाट उतारने वाले क्लासमेट प्रिंस राज सिंह ने भी गुरुवार की सुबह दम तोड़ दिया। उसके खिलाफ तीन दिन पहले हत्या का मामला दर्ज किया गया था। गांव मलिया निवासी सैनिक जगजीत सिंह का बेटा प्रिंस राज सिंह ने अपने साथ पढ़ती संदीप कौर के साथ एक तरफा प्यार में कॉलेज की क्लास में सोमवार को सुबह-सुबह करीब 9 बजे तकरार की जिस दौरान आरोपी ने अपने बैग से अवैध पिस्टल निकाल कर संदीप कौर के माथे पर गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

## शेयर बाजार लुढका

**मुंबई, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट है। सेंसेक्स 350 अंक नीचे 83,900 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में 70 अंकों की गिरावट है और ये 25,900 पर आ गया है। आईटी, मीडिया और ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली है।

# हंगामा-नारेबाजी कार्यवाही स्थगित

## लोकसभा में विपक्ष अपनी मांग अड़ा है

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** बजट पर चर्चा के दौरान गुरुवार को लोकसभा में प्रश्नकाल फिर हंगामे के कारण नहीं चल सका। 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा कर दिया। सांसद प्ले कार्ड और पोस्टर लेकर वेल में पहुंच गए। इस बीच नारेबाजी भी होती रही। स्पीकर चेयर पर मौजूद केपी तेन्नेटी ने 7 मिनट के बाद ही सदन को 12 बजे तक स्थगित कर दिया।

### स्पीकर के चैंबर का वीडियो जारी

**केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हुए हंगामे को लेकर नया वीडियो पोस्ट किया है। इस नई वीडियो क्लिप से पहले भी रिजिजू ने विपक्षी दलों पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि कांग्रेस के 20-25 सांसदों ने अध्यक्ष के कमरे में घुसकर गालियां दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट वीडियो के साथ लिखा, यह कांग्रेस सांसद द्वारा बनाया गया अवैध वीडियो क्लिप है जिसमें 20-25 कांग्रेस सांसद माननीय अध्यक्ष के कक्ष में घुसकर उन्हें अपशब्द कह रहे हैं और माननीय प्रधानमंत्री को धमकी दे रहे हैं।**

### राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की तैयारी

संसद के बजट सत्र का गुरुवार को 12वां दिन है। सदन में बजट पर चर्चा हो रही है। इस बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सरकार लोकसभा में प्रति पक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव ला सकती है। इसके मुताबिक संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू राहुल गांधी के सरकार पर लगाए आरोपों के खिलाफप्रिविलेज मोशन लाने की बात कही थी। राहुल पर आरोप है कि उन्होंने सदन को गुमराह किया और बेबुनियाद बयान दिए। हालांकि रिजिजू ने यह नहीं बताया है कि प्रस्ताव को कब और किसके जरिए पेश किया जाएगा। दरअसल बुधवार को राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार ने ट्रेड डील के जरिए भारत माता को बेच दिया है। यह पूरी तरह सरेंडर है। अब अमेरिका तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे।

## हाईवे पर 80 सवारियों से भरी बस पलटी

**कन्नौज, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार स्लीपर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 15 सवारियां घायल हो गईं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने एबुलेंस से घायलों को उत्तर प्रदेश ग्रामीण आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई भिजवाया।

बिहार के मधुबनी से स्लीपर बस सवारियां लादकर दिल्ली जा रही थी। गुरुवार की सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ग्राम नगला खेमकरन के सामने तेज रफ्तार बस चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में लगभग 80 सवारियां सवार थी जिसमें 14 सवारियां घायल हो गईं। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना पाकर यूपीडा टीम और सकरावा थानाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों और अन्य सवारियों की मदद से घायलों को बाहर निकाला।

## सर्दी का असर घटा

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** प्रदेश में सर्दी का असर कम होने लगा है। दिन और रात का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिन मौसम साफ रहने और तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। हालांकि जयपुर सहित कई शहरों में गुरुवार सुबह से बादल छाए हुए हैं। उधर बुधवार को राज्य के 25 शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

# पुलवाना हमले की बरसी-आतंकी हमले का अलर्ट



**जम्मू, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों ने पुलवामा आतंकी हमले की बरसी से पहले संभावित आतंकी साजिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। आतंकी संगठन इन तारीखों के आसपास किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा बलों को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और सुरक्षाबलों के काफिलों को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया है। जम्मू से लेकर कश्मीर संभाग के विभिन्न जिलों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। जम्मू संभाग में पहले से ही किश्तवाड़, उधमपुर और कठुआ में आतंकरोधी अभियान जारी है। इस बीच सुरक्षा एजेंसी के इनपुट ने सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता कर दिया है। 14 फरवरी, 2019 पुलवामा आतंकी हमला हुआ था। पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने चेकिंग अभियान तेज कर दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त नाके लगाए गए हैं। अधिकारियों ने आम लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने को देने की अपील की है।

# दामाद के साथ भागने वाली सास अब जीजा के साथ भाग गई

**अलीगढ़, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** अलीगढ़ की वह सास जो पिछले साल अपने होने वाले दामाद के साथ भाग गई थी, एक बार फिर चर्चा में है। करीब दस महीने तक दामाद राहुल के साथ बिहार में पति-पत्नी की तरह रहने के बाद अब उसने उसे भी अलविदा कह दिया है। इस बार वह अपने जीजा के साथ भाग गई और जाते-जाते दो लाख रुपए नकद और जेवर भी साथ ले गई। परेशान राहुल शिकायत लेकर अलीगढ़ पहुंचा लेकिन पुलिस ने यह कहकर लौटा दिया कि मामला बिहार का है।

### जब बेटी की शादी से पहले बदल गई कहानी

यह पूरा घटनाक्रम अप्रैल, 2025 से शुरू होता है। 16 अप्रैल को महिला की बेटी की शादी तय थी। घर में रंगाई-पुताई, रिश्तेदारों की आवाजाही और शादी की तैयारियां जोरों पर थीं लेकिन शादी से महज 12 दिन पहले ऐसा हुआ जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। जिस युवक राहुल से बेटी की शादी होने वाली थी, उसी के साथ सास घर से चली गई। परिवार के मुताबिक महिला ने राहुल को एक स्मार्टफोन दिलवाया था। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी। पहले शादी की तैयारियों के नाम पर बात होती थी, फिर घंटों फोन कॉल चलने लगे। महिला के पति जितेंद्र ने तब आरोप लगाया था कि जब वह शादी की तैयारी के सिलसिले में घर आए तो पता चला कि पत्नी और राहुल के बीच 15-20 घंटे तक फोन पर बातचीत हो रही है। जब मामला सुर्खियों में आया और पुलिस सक्रिय हुई तब पता चला कि दोनों अलीगढ़ से कासगंज, फिर बरेली होते हुए बिहार के मुजफ्फरपुर पहुंचे थे। कुछ दिन वहीं रुके। यहां तक कि नेपाल बॉर्डर जाने की भी योजना बनाई गई थी। राहुल ने बाद में बताया था कि जब उन्होंने मोबाइल चलाया तो देखा कि दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। हर तरफ चर्चा थी, तब दोनों ने खुद लौटने का फैसला किया और अंततः थाना दादों पहुंचकर सरेंडर कर दिया। करीब दस महीने तक दोनों बिहार में साथ रहे।

## बारामती विमान हादसे की जांच में तेजी

**मुंबई, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** बारामती विमान हादसे में डीजीसीए की चार सदस्यीय टीम ने बुधवार को साइट का दौरा किया। अधिकारियों ने 28 जनवरी को हुए हादसे से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो रिकॉर्डिंग की समीक्षा की। इस हादसे में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार समेत पांच लोगों की जान गई थी। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो पहले ही मौके का निरीक्षण कर चुके हैं। विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद किया जा चुका है। 30 जनवरी से महाराष्ट्र सीआईडी ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। इस बीच एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार ने हादसे को लेकर घटनाक्रम पर सवाल उठाए हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने घटना के बाद बताया था कि बारामती एक अनियंत्रित हवाई पट्टी है जहां समर्पित एयर ट्रैफिक कंट्रोल उपलब्ध नहीं है। यहां स्थानीय फ्लाइंग ट्रेनिंग संस्थानों के प्रशिक्षक या पायलट ही यातायात संबंधी जानकारी देते हैं।

# आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया रईसजादा

## बेटे को बचाने के पिता के सारे पैतरे फेल, कोर्ट ने चालक की अर्जी भी की खारिज

**कानपुर, 12 फरवरी (एजेन्सी)।** कानपुर के लेंबोर्गिनी हादसे में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शिवम मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को विधिक प्रक्रिया के तहत हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई मौजूद सबूतों और जांच के आधार पर की गई है। इससे पहले तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा ने बेटे को बचाने की तमाम कोशिशें कीं। पहले पुलिस को मैनेज करने की कोशिश की लेकिन जब यह पैतरा एक्सपोज हो गया तो कोर्ट में कथित ड्राइवर को सरेंडर करवा दिया। हालांकि कोर्ट ने ड्राइवर मोहन की अर्जी खारिज कर दी और उसे आरोपी नहीं माना। कोर्ट ने कहा, पुलिस रिपोर्ट में आरोपी शिवम है, मोहन का कहीं नाम नहीं है। इसके बाद गुरुवार सुबह

### लेंबोर्गिनी हादसे के बाद 90 घंटे से फरार था आरोपी



पुलिस ने शिवम को आर्यनगर से घर के सामने से अरेस्ट कर लिया। फिर कोर्ट में उसे पेश किया। शिवम मिश्रा करीब 90 घंटे से फरार था। आरोपी शिवम हादसे के बाद से कानपुर में ही था।

### रसूख के आगे सरेंडकर दिया था पुलिस ने

**हादसे के बाद रसूखदार परिवार के आगे पहले तो पुलिस सरेंडर हो गई और लेम्बोर्गिनी कार को थाने में वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया। इस कार को वहां खड़ा किया गया जहां थानेदार की कार खड़ी होती है। कवर से ढक दिया गया। उसकी रखवाली के लिए बाउंसर खड़े किए गए। पहले तो पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। सोशल मीडिया पर जब ये मामला वायरल हुआ तब पुलिस ने रात 8.30 बजे कार नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। बाद में अखिलेश यादव ने ट्वीट करके इस मामले को सियासी तूल दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले में कार्रवाई का आदेश दिया**

### क्या है कानपुर का लेंबोर्गिनी हादसा

**बात दें कि कानपुर में लेंबोर्गिनी कार लोगों को टक्कर मारते हुए सड़क पर चलती रही और कई लोगों को चोटें आईं। यह मामला वीआईपी रोड के ग्वालटोली इलाके में 8-9 फरवरी को हुआ था। पुलिस के अनुसार लगभग 10 करोड़ की लेंबोर्गिनी तेज रफ्तार में चलती हुई वाहन और राहगीरों से टकराई जिससे कम से कम छह लोग घायल हुए थे।**

# सक्षम साथिनः महिलाओं को योजनाओं, उच्च शिक्षा और साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

## डिजिटल जागरूकता और संचार कौशल पर भी दिया गया विशेष मार्गदर्शन




**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** महिला अधिकारिता विभाग एवं एजुकेट गर्ल्स की साझा पहल के तहत जयपुर में 'सक्षम साथिन कार्यशाला' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले की लगभग 40 साथिनों एवं सुपरवाइजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य साथिन बहनों को सरकारी योजनाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा आधुनिक तकनीकी विषयों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश डोगीवाल, उप निदेशक, महिला अधिकारिता, जयपुर के मार्गदर्शन में हुआ। एजुकेट गर्ल्स की ओर से श्रीमती लवीना राठौड़, प्रोजेक्ट लीड ने अतिथि प्रवीण सिन्हा, जेंडर स्पेशलिस्ट एवं उपस्थित साथिनों का स्वागत किया। प्रवीण सिन्हा ने विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित पहलों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा साथिनों को समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति प्रेरित किया। एजुकेट गर्ल्स की रूपाली शर्मा ने वर्तमान में बढ़ते साइबर फ्रॉड के मामलों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। रजत शर्मा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूलभूत अवधारणाओं तथा डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग के महत्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

रूपाली एवं तान्या ने विभिन्न सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से संचार कौशल के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के दौरान कुछ साथिनों ने अपने साथ हुए साइबर फ्रॉड के अनुभव भी साझा किए, जिससे विषय की गंभीरता और प्रासंगिकता स्पष्ट हुई। यह पहल जिले में साथिनों को तकनीकी रूप से सशक्त कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# विभिन्न ऋण योजनाओं के लिए 13 से 17 फरवरी तक होंगे साक्षात्कार

## अनुजा निगम जयपुर द्वारा किया जाएगा साक्षात्कार का आयोजन

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड (अनुजा निगम), जयपुर कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय निगमों की विभिन्न ऋण योजनाओं के आवेदकों के चयन हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। परियोजना प्रबंधक प्रियंका चौहान ने बताया कि आगामी 13 फरवरी, 16 फरवरी एवं 17 फरवरी को नेहरू सहकार भवन, कांडेंस हॉल, चतुर्थ तल, 22 गोदाम, भवानी सिंह रोड, जयपुर में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी 2026 को अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग की स्वरोजगार योजना एवं महिला समृद्धि योजना के आवेदकों के साक्षात्कार आयोजित होंगे। 16 फरवरी 2026 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक एससी वर्ग की डेयरी एवं एमसीएफ योजना के आवेदकों के साक्षात्कार लिए जाएंगे तथा उसी दिन दोपहर 2.00 बजे से सफाई कर्मचारी वर्ग के आवेदकों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। 17 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं दिव्यांगजन वर्ग के आवेदकों के साक्षात्कार होंगे तथा दोपहर 2 बजे से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आवेदकों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। जिला कार्यालय द्वारा संबंधित सभी आवेदकों से निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। अनुजा निगम द्वारा संचालित इन योजनाओं का उद्देश्य पात्र वर्गों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

# पशुपालन एवं डेयरी सेक्टर को मजबूती देगा बजटः पशुपालन मंत्री

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि बजट विकसित राजस्थान- 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस कदम है। समृद्ध किसान, सशक्त पशुपालक और विकसित राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रावधानों से राज्य में पशुपालन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि बजट में पशुपालन, डेयरी मूल्य श्रृंखला, सहकारी निवेश को लेकर जो प्रोत्साहन दिए गए हैं, वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे।

# राज्यपाल ने धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पहुंचकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने वहां आयोजित पंडित उपाध्याय की प्रार्थना सभा में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय व्यक्ति नहीं संस्था थे। उनकी एकात्म मानववाद की दृष्टि निर्धनता और अशिक्षा को दूर कर समाज में सभी स्तरों पर समानता स्थापित करने की रही है। उन्होंने दीनदयाल जी के साथ बिताए दिनों को याद करते हुए कहा कि वह अपने सारे कार्य स्वयं करते थे। वह बहुत सहज और सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करते थे। राज्यपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद में भारतीय ज्ञान परम्परा के बीज निहित है। उन्होंने कहा भारतीय




संस्कृति में निष्ठा रहेगी तभी भारत एकात्म रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत को अगर विश्व में पहचान मिलेगी तो उसके मूल में भारतीय संस्कार व संस्कृति ही होगी। पंडित दीनदयाल जी ने सदा इसी सोच का प्रसार किया।

# प्रभावी टीका प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** प्रदेश में टीकाकरण के तहत विभिन्न टीकों की मांग, आपूर्ति, गुणवत्ता व प्रभावी मॉनिटरिंग के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण संस्थान (शिफू) में प्रभावी टीका प्रबंधन (ईवीएम) पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारियों, वैक्सीन स्टोर इंचार्ज सहित अन्य कार्मिकों ने सहभागिता की। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. अमित कुमार यादव ने बताया कि राज्य सरकार संसाधनों के कुशल उपयोग और मजबूत वितरण प्रणाली के माध्यम से अंतिम लाभार्थी तक सुरक्षित टीके पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में केन्द्रीय एवं राज्य स्तर से आपूर्ति किये जा रहे टीकों की सुगम व सुरक्षित स्टोरेज सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी टीका प्रबंधन (ईवीएम) अपनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में ईवीएम के लिए आवश्यक प्रशिक्षण, गुणवत्ता मॉनिटरिंग, गेप-एनेलेसिस-आईडेंटीफिकेशन, निर्बाध आपूर्ति श्रृंखला सहित अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

# राजस्थान बजट: माटी कला को मिली एक नई पहचान और कलाकारों को मिली नई उड़ान

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा व उपमुख्यमंत्री- वित्त मंत्री दीया कुमारी के बजट में माटी से जुड़े कलाकारों के उत्थान के लिए 5000 इलेक्ट्रिक चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनों की घोषणा एक ऐतिहासिक व बड़ी सौगात है। उन्होने कहा कि इस घोषणा से उनका कारोबार बढ़ेगा और उनकी आय दुगनी होगी और साथ में उनका जीवन स्तर ऊंचा होगा। उन्होंने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए कहा कि यादे माटिकला बोर्ड के लिए पिछली सरकार ने जो काम पांच साल में किया था आपने इन दो सालों में उससे दस गुना से भी ज्यादा ऐतिहासिक बजट दे दिया है।

# स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और समग्र विकास का रोडमैप: चिकित्सा मंत्री

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि बजट स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ ही प्रदेश के सर्वांगीण विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में महिला, युवा, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के उत्थान एवं विकसित राजस्थान का दूरदर्शी विजन है। यह बजट आमजन को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। जयपुर स्थित जेके लोन अस्पताल में 500 बेड क्षमता का अत्याधुनिक आईपीडी टावर स्थापित होने से शिशु एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार होगा। प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों जयपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा और जोधपुर के संबद्ध अस्पतालों में 500 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक विश्राम गृहों का निर्माण होने से मरीजों के परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# आरएएस मुख्य परीक्षा-2023: उत्तर पुस्तिकाएं देखने के लिए 9 मार्च से कर सकते हैं आवेदन

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** आरपीएससी ने आरएएस (मुख्य) परीक्षा, 2023 के अभ्यर्थियों को उनकी उत्तर पुस्तिकाएं ऑनलाइन देखने और डाउनलोड करने का अवसर दिया है। आयोग सचिव ने बताया कि इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी 9 मार्च से 8 अप्रेल तक आयोग के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी को आयोग की वेबसाइट पर कैंडिडेट इनफॉर्मेशन सेक्शन में जाकर आरएस (मैन) एग्जाम 2023 के लिंक पर क्लिक कर रोल नंबर, आवेदन क्रमांक और जन्म तिथि के माध्यम से ओटीपी प्राप्त कर लॉगिन करना होगा। उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने के लिए प्रति पुस्तिका 50 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। शुल्क भुगतान के लिए लिंक 20 अप्रेल से 19 जून तक सक्रिय रहेगा।

# बजट से और मजबूत होगा विकसित राजस्थान का संकल्प: ऊर्जा मंत्री

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि बजट 2026-27 के माध्यम से राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग को भरपूर संबल दिया है। बजट में प्रदेश के किसानों, पशुपालकों, श्रमिकों, नौजवान, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति समेत सभी वर्गों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। हथिनीकुंड से शेखावाटी तक यमुना का पानी लाने, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना, एक लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत शत-प्रतिशत ब्याज अनुदान पर 10 लाख रूपए तक का ऋण प्रदान करने, सिंचाई सुविधा संबंधी कार्यों के लिए 11 हजार 300 करोड़ रूपए, लगभग 8 हजार 300 करोड़ रूपए से अधिक के सड़क, आरओबी, आरयूबी सहित अन्य आधारभूत विकास कार्यों प्रदेश को नई ऊंचाईयों तक ले जाने में सहायक होंगे।

## हैल्प लाइन

### अग्निशमन केंद्र

| | |
|---|---|
| फायर स्टेशन | 101 |
| बनीपार्क | 2201898 |
| बाइस गोदाम | 2211258 |
| घाटगेट | 2615550 |
| वीकेआई क्षेत्र | 2332573 |
| एमआई रोड | 2375925 |

### ट्यूरिस्ट पैलेस

| | |
|---|---|
| आमेर किला | 2530293 |
| बिड़ला तारामंडल | 2385367 |
| सिटी प्लैस | 2608055 |
| हवामहल | 2618862 |
| जंतर-मंतर | 2610494 |
| जयगढ़ किला | 2671848 |
| अल्बर्ट हॉल (संग्रहालय) | 2565124 |
| सिसोदिया गार्डन | 2680494 |
| चिड़िया घर | 2617319 |
| साइंस पार्क | 2304654 |

### पुलिस

| | |
|---|---|
| पुलिस | 100 |
| कंट्रोल रूम (जयपुर) | 2388435-38 |
| ग्रामीण | 2209741 |
| यातायात | 2565630 |

### दुर्घटना सेल

| | |
|---|---|
| पूर्व | 2703992 |
| पश्चिम | 2209040 |
| उत्तर | 2609719 |
| दक्षिण | 2372992 |

### सांस्कृतिक केन्द्र

| | |
|---|---|
| बिड़ला ऑडिटोरियम | 2385224 |
| जवाहर कला केन्द | 2706503 |
| रवीन्द्र मंच | 2619061 |

# यूडीएच मंत्री ने बजट को बताया विकसित राजस्थान का प्रतिबिंब



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** बजट की सराहना करते हुए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इसे ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल बजट नहीं, बल्कि समृद्ध और विकसित राजस्थान का स्पष्ट ब्लूप्रिंट है, जो प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। बजट में 3,427 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान प्रदेश के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करेगा। हाईवे और एक्सप्रेसवे परियोजनाएं राजस्थान के विकास को नई रफ्तार देंगी, वहीं नवीन हवाई अड्डों का विकास प्रदेश को प्रगति की नई उड़ान प्रदान करेगा।

शहरी आवास के क्षेत्र में उन्होंने बताया कि जयपुर के प्रताप नगर में 128 फ्लैट्स तथा जोधपुर की चौपासनी योजना में 288 फ्लैट्स का निर्माण किया जाएगा, जिससे आमजन को सुलभ एवं व्यवस्थित आवास उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि सभी संभाग मुख्यालयों को सिग्नल फ्री बनाने की दिशा में कार्य होगा। शहरी निकायों में नागरिकों के सुरक्षित एवं सुगम आवागमन के लिए 5,000 स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की जाएंगी।

# राजस्थान 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में होगाः पटेल

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने वर्ष 2026-27 के राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को धरातल पर उतारने वाला है। विरासत से विकास के विजन के अनुरूप जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जालोर को शामिल करते हुए थार सांस्कृतिक सर्किट बनाया जाएगा। 15 न्यायालयों की स्थापना की जाएगी और न्यायालयों में अवसंरचना विकास के लिए 200 करोड़ रूपये का व्यय किया जाएगा।

# कृषि एवं अकृषि क्षेत्रों के लिए 590 करोड़ के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदानः सहकारिता मंत्री



**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि वर्ष 2026-27 का राज्य बजट विकसित राजस्थान 2047 के विज़न को ठोस आधार प्रदान करने वाला विकासोन्मुखी एवं सर्वस्पर्शी बजट है। बजट में युवा कल्याण, आधारभूत संरचना, अपराध नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, ऊर्जा, कृषि एवं कृषक कल्याण, सहकारिता, उद्योग, और पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों को संतुलित प्राथमिकता दी गई है।सहकारी सेक्टर की मजबूती के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गए हैं, जिससे 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को बल मिलेगा। किसानों को आर्थिक चिन्ता से मुक्ति दिलाने के लिए आगामी वर्ष में 35 लाख कृषकों को 25 हजार करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध करवाने का बजट में प्रावधान किया गया है। इसके ब्याज अनुदान पर 800 करोड़ रुपये का व्यय होगा। दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि क्षेत्रों के लिए 590 करोड़ रुपये के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की घोषणा की गई है, जिससे ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

# मुख्य जनगणना अधिकारी ने जिला स्तरीय कर्मियों को दिया प्रशिक्षण




**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन निदेशक एवं मुख्य प्रमुख जनगणना अधिकारी विष्णु चरण मलिक ने चार्ज जनगणना अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यशाला में निदेशक मलिक का स्वागत किया तथा प्रशिक्षण की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर विष्णु चरण मलिक ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसकी गुणवत्ता सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने वाले आंकड़ों की शुद्धता से जुड़ी होती है। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना आधुनिक एवं पूर्णतः डिजिटल स्वरूप में संपादित की जाएगी, जिससे डाटा की शुद्धता, पारदर्शिता एवं त्वरित विश्लेषण सुनिश्चित होगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में चार्ज अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ करना होगा।प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने 10 फरवरी 2026 को प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर चार्ज एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनगणना-2027 के कार्य को पूर्ण गंभीरता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करें, ताकि समस्त कार्य सीएमएमएस पोर्टल (जनगणना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण प्रणाली) पर सही एवं त्रुटिरहित रूप से सम्पन्न हो सके।



# आज का राशिफल

गुरुवार, 12 फरवरी, 2026

- **मेष :** आज आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे। आप अपने कामों को कल पर डालने से बचें। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताकर आपके आपसी रिश्तों में चल रही अनबन भी दूर होगी।
- **वृष :** आज आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जिससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं। आप किसी विरोधी की बातों में आकर कोई इंवेस्टमेंट करने से बचें। जीवनसाथी आपके कामों में आपका पूरा साथ देंगे।
- **मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धन के मामले में बढ़िया रहेगा, क्योंकि जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी और यदि आपका कोई काम धन को लेकर रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है। आपको अपने कुछ सरकारी कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है।
- **कर्कः** आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपकी अंदर प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा और आपको अपनी मेहनत से बिल्कुल पीछे नहीं हटना है। परिवार में किसी सदस्य से यदि आपने कोई वादा किया था, तो उसे पूरा करने के लिए समय अवश्य निकाले।
- **सिंहः** आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी, इसलिए आपको किसी से कोई बात सोच समझकर कहनी होगी। अपनी उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। आप अपने कर्जो को भी उतारने के पूरे कोशिश करेंगे।
- **कन्या :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यदि आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील लंबे समय से आटकी हुई, थी, तो वह फाइनल हो सकती है। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे, जिससे आपके और जीवनसाथी के बीच प्रेम और गहरा होगा।
- **तुलाः** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कोई निर्णय लेने के लिए रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपको थोड़ी टेंशन रहेगी। आप उनके कुछ जरूरी टेस्ट आदि भी करा सकते हैं। यदि किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिले, तो वहां पर भी आप पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ें।
- **वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपको किसी बात को लेकर ज्यादा उतावलापन नहीं दिखाना है। आप अपने लिए कुछ शॉपिंग आदि कर सकते हैं, लेकिन माता-पिता के आशीर्वाद से किसी प्रॉपर्टी की प्राप्ति हो सकती है।
- **धनु :** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहेगा, जिस कारण आपको समस्या होगी, इसलिए आपको अपने खान-पान पर भी थोड़ा कंट्रोल करके चलना होगा और यदि कोई समस्या हो, तो उसे छोटा बिल्कुल ना समझें।
- **मकर :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी किसी परीक्षा के परिणाम बेहतर रहेंगे, जिससे आपको परिवार के सदस्यों का भी प्यार मिलेगा और किसी पार्टी का आयोजन भी हो सकता है। आप यदि कहीं घूमन फिरने जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो उसमें अपनी जेब का ख्याल अवश्य रखें।
- **कुंभः** आज आपको कार्यक्षेत्र में किसी की कोई बात बुरी लग सकती है, जिससे आपके आपसी रिश्ते खराब होंगे, लेकिन आपको अपने बॉस की बातों पर पूरा ध्यान देना होगा।
- **मीन :** आज का दिन आपके लिए किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए रहेगा। यदि आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिले, तो आप उसमें थोड़ा संयम दिखाएं और अपने खर्चों को थोड़ा कंट्रोल करके चलने की कोशिश करें, क्योंकि आप जल्दबाजी के कारण भी कोई गड़बड़ी कर सकते हैं।

# विक्रम बाल निकेतन में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित



**जयपुर, 12 फरवरी।** विक्रम बाल निकेतन, बाबा हरिश्चंद्र मार्ग, जयपुर में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भावनात्मक एवं स्मृतियों से सराबोर विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्गो सांस्कृतिक संस्था की अध्यक्ष रूपाली राव, अध्यक्षता कर रहे मनीष आचार्य तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य मीरा कुमारी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात मंगलाचरण और स्वागत गीत की मनोहारी प्रस्तुति दी गई। जूनियर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभागार को भावनाओं से भर दिया। इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने सीनियर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया। सीनियर विद्यार्थियों ने मंच से अपने विद्यालय जीवन के संघर्ष, सीख और सफलताओं के अनुभव साझा किए, जिन्हें सुनकर वातावरण भावुक हो उठा। प्रधानाचार्य मीरा कुमारी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कारों की पाठशाला भी है। मुख्य अतिथि रूपाली राव ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि जीवन की हर परीक्षा में आत्मविश्वास, परिश्रम और सच्चाई को अपना साथी बनाना चाहिए। समारोह के अंतिम क्षणों में विदाई का भावुक दृश्य देखने को मिला। कहीं आंखें नम थीं तो कहीं हंसी और भावनाएं साथ-साथ बहती नजर आई। संचालन मीडिया प्रभारी सुनील जैन ने प्रभावशाली ढंग से किया।

# सूर्यकिरण एरोबेटिक शो: जयपुर देखेगा भारतीय वायु सेना की शक्ति और शौर्य

## 22 फरवरी को जलमहल पर प्रस्तावित है एयर शो





सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 12 फरवरी।** जयपुर में भारतीय वायु सेना की विश्वप्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम द्वारा 22 फरवरी को एयर शो आयोजन प्रस्तावित है। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर आत्माराम सावंत ने वायु सेना, पुलिस, सामान्य प्रशासन विभाग, पर्यटन विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

बुधवार को सचिवालय में हुई बैठक में कार्यक्रम की तिथि, स्थल, ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों पर विस्तार से चर्चा की गई। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने बताया कि सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम के 11 फाइटर जेट तथा सारंग टीम के 6 हेलीकॉप्टर अपने सटीक समन्वय और रंगीन धुएं के आकर्षक पैटर्न के माध्यम से दर्शकों को रोमांचित करेंगे। कार्यक्रम में 75 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पूरे आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी तथा यातायात व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए जाएंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने सामान्य प्रशासन विभाग एवं जयपुर जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी अतिरिक्त मुख्य सचिव को दी। बैठक में जयपुर संभागीय आयुक्त पूनम, पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, जेडीसी सिद्धार्थ महाजन, जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, पर्यटन आयुक्त रूक्मणि रियार, नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार, पुलिस उपायुक्त (यातायात) सुमित मेहरडा सहित पुलिस, सार्वजनिक निर्माण, परिवहन एवं जेडीए के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अच्छे संस्कार ही नैतिकता के मार्ग का आधार हैं : डॉ. अतुल कोठारी




सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 12 फरवरी।** अच्छी आदतें ही वास्तविक मूल्यों की पहचान होती हैं। जो व्यक्ति जीवन में अच्छे संस्कारों को धारण करता है, वही नैतिकता के मार्ग पर अग्रसर रहता है। यह कहना था मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिक्षाविद् और राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, डॉ. अतुल कोठारी का जो चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास विषय पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के भव्य उद्घाटन पर सभा को संबोधित कर रहे थे। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 11 से 13 फरवरी, 2026 तक आयोजित की जा रही है।

# सेफर इंटरनेट डे पर दी साइबर क्राइम अवेयरनेस की जानकारी



**जयपुर, 12 फरवरी।** खण्डेलवाल वैश्य गर्ल्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वैशाली नगर, जयपुर में मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। राजस्थान पुलिस हेड क्वाटर्स और साइबर सेल से आई टीम ने छात्राओं को सेफ इंटरनेट यूज और साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। टीम के सदस्य एएसआई विनोद कुमार शर्मा, रवि कुमार कांस्टेबल पीएचक्यू जयपुर, गिरधारी लाल कांस्टेबल, बृजमोहन कांस्टेबल ने नेशनल टोल फ्री नंबर 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी।

# डग क्षेत्र को बजट में मिली विकास की सौगातें, सिंचाई से शिक्षा तक कई अहम घोषणाएं

सांध्य ज्योति संवाददाता



**जयपुर, 12 फरवरी।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में डग क्षेत्र के विकास हेतु कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। विधायक कालूराम मेघवाल ने बताया कि इस बजट से सिंचाई, यातायात, भंडारण, शिक्षा और धार्मिक स्थलों के विकास को नई गति मिलेगी, जिससे क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। बजट के अंतर्गत छोटी काली सिंध परियोजना में चाचूरनी नदी पर मध्यम सिंचाई योजना के तहत फव्वारा पद्धति से सिंचाई सुविधा विकसित करने के लिए 1622 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यातायात सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए भवानी मंडी स्थित एलसी-64 पर 47.34 करोड़ रुपये तथा चोमेला स्थित एलसी-33 पर 41.91 करोड़ रुपये की लागत से आरओबी निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। ऊर्जा क्षेत्र में 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कार्य जगदीशपुरा और बनी में किया जाएगा। इसके साथ ही गुराड़िया, माना और सरोद में 100 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम एवं चारदीवारी निर्माण कार्य होंगे। पाड़लिया, चायडा और सुनारी में भी 100 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम, कार्यालय भवन और चारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा, जिससे किसानों को भंडारण की बेहतर सुविधा मिलेगी।

# राजस्थान को पूर्ण जैविक प्रदेश घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री को दिया प्रस्ताव

सांध्य ज्योति संवाददाता



**जयपुर, 12 फरवरी।** अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने राज्य सरकार को राजस्थान को चरणबद्ध रूप से पूर्ण जैविक प्रदेश घोषित करने तथा आगामी पूरक बजट में राजस्थान जैविक प्रदेश मिशन हेतु विशेष नीतिगत एवं वित्तीय प्रावधान किए जाने का विस्तृत प्रस्ताव प्रेषित किया है। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री को संबोधित है। वैश्विक स्तर पर जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य के पास गौ-आधारित प्राकृतिक कृषि मॉडल अपनाकर देश का अग्रणी पूर्ण जैविक प्रदेश बनने का ऐतिहासिक अवसर है। रासायनिक खेती से मिट्टी व जल की गुणवत्ता में गिरावट, किसानों की बढ़ती लागत, गौशालाओं की दान-निर्भरता और ग्रामीण युवाओं के कृषि से विमुख होने जैसी चुनौतियों को दीर्घकालिक समाधान बताया।

# जेडीए की बड़ी कार्रवाई, 20 बीघा सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 12 फरवरी।** जयपुर विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-10 में करीब 20 बीघा जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। ग्राम जयसिंहपुरा खोर में करीब 60 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि पर बनाई गई बाउंड्रीवाल, तारबंदी और गेट को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। वहीं जोन-12 के ग्राम माचवा, कालवाड़ रोड पर 10 बीघा कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति बसाई जा रही 'माचवा एनक्लेव' नामक अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही हटाकर प्रयास विफल किया गया। कार्रवाई महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी के निर्देशन में प्रवर्तन दस्ते द्वारा की गई।

# रोजगार और जनकल्याण पर केंद्रित राजस्थान का बजट



**जयपुर, 12 फरवरी।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 को प्रदेश के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में एक दूरदर्शी दस्तावेज बताया गया है। भाजपा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि यह बजट इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन और जनकल्याण पर स्पष्ट फोकस के साथ विकसित राजस्थान के संकल्प को आगे बढ़ाता है। उन्होंने इसे नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी स्वावलंबन को सशक्त करने वाला बजट बताया। गोयल ने कहा कि 28 लाख परिवारों के लिए आवास, युवाओं के लिए स्वरोजगार योजनाएं, तकनीकी भर्ती, स्मार्ट बिजली व्यवस्था, बाढ़ सुरक्षा, ड्रेनेज सिस्टम और औद्योगिक पार्क जैसी घोषणाएं आमजन के जीवन स्तर को ऊंचा उठाएंगी।

# मानसरोवर में 13 स्थानों पर होंगे सौंदर्यीकरण कार्य

**जयपुर, 12 फरवरी। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में शहर के विकास, यातायात सुधार और सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मानसरोवर क्षेत्र के 13 स्थानों पर विकास कार्य और आकर्षक ग्रीन पैटर्न विकसित किए जाएंगे।**

## पाठकों को सलाह

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई भी व्यवहार करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच अवश्य कर लें, क्योंकि सांध्य ज्योति दर्पण विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार-पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

# प्रदेश में 2 लाख 34 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब और बनाने का सामान नष्ट

सांध्य ज्योति संवाददाता

**जयपुर, 12 फरवरी।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनवरी माह में 2 लाख 34 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 894 केस दर्ज करते हुए 718 को गिरफ्तार किया गया। आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी



विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रदेश में जनवरी माह में 2 लाख 34 हजार 371 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा 622, देशी मदिरा 4921, अवैध मदिरा 5468, बीयर 1052 बोतल सहित एक किलोग्राम भांग को सीज किया गया। प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जनवरी माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 894 केस दर्ज करते हुए 718 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।


## विज्ञापन व समाचार के लिए सम्पर्क करें

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण में सी - स्कीम, श्याम नगर, सिविल लाईंस, वैशाली नगर, चित्रकूट, निर्माण नगर, अजमेर रोड वासी अपने क्षेत्र के समाचार वर्गीकृत विज्ञापन, सजावटी विज्ञापन तथा विज्ञापन बुकिंग काउंटर के लिए सम्पर्क करें।

**सुरेन्द्र मारवाल**
मारवाल पब्लिसिटी
मारवाल हाऊस, हवा सड़क,
सिविल लाइन्स, जयपुर-302006
मोबाइल : 93144-33020

दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण हेतु राजापार्क एरिया के समाचार सकंलन एवं विज्ञापन बुकिंग के लिए सम्पर्क करें

**मौलिक एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
एस-28, सरदार भवन, वसुन्धरा कॉलोनी, बिग बाजार वाली गली, टोंक रोड,
जयपुर 302018
फोन : 2703404
मो. 9828164559
फैक्स नं. 0141-2707338

**चौमूं**
विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
**मनीष यादव**
**यादव एडवरटाइजिंग एजेन्सी**
सांध्य ज्योति दर्पण
धोली मण्डी, तनिष्का आयुर्वेदिक के पास, चौमूं
मो. 9667902742

अपने प्रियजनों की स्मृति में श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि, तीये की बैठक और शोक संदेश के विज्ञापन मय फोटो साइज 5|4 सेमी मात्र 500/- रु. में प्रकाशित करायें।


# अश्लील फोटो-वीडियो के नाम पर ब्लैकमेलिंग, 10 लाख रुपये वसूलने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर, 12 फरवरी।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने अश्लील तस्वीरें एवं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक व्यक्ति से 10 लाख रुपये वसूलने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा के अनुसार, पीड़ित पीएचडी छात्र ने लगभग एक वर्ष से आरोपी द्वारा उसके साथ ब्लैकमेलिंग किये जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी सिल्वेस्टर मायकल फर्नाडीस ने पहले तो दोस्ताना व्यवहार कर पीडति से संपर्क बनाया, बाद में उसके निजी फोटो-वीडियो दिखाकर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। पुलिस और कानूनी कार्यवाही का डर दिखाकर आरोपी ने समझौते के नाम पर रकम वसूलना शुरू कर दिया। घटना की शिकायत मिलने पर ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने विशेष टीम गठित की और तकनीकी साक्ष्यों सहित कई सबूत जुटाकर आरोपी का पता लगाया।

# जयपुर के आयांश सी जैन का हुआ सम्मान, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज

**इंदौर, 12 फरवरी।** इंदौर में 9 फरवरी 2026 को होटल 'द पार्क' में आयोजित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स पुरस्कार समारोह में जयपुर के आयांश सी जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज होने पर उन्हें विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संतोष शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ब्रिटेन के पांच बार सांसद रहे वीरेंद्र शर्मा तथा स्विट्जरलैंड स्थित वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अध्यक्ष विल्हेम जेज़लर और उनकी पत्नी पूनम जेज़लर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ब्रिटेन की राजनीति में 50 वर्षों की सेवा के लिए वीरेंद्र शर्मा को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

# दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जयपुर शहर का वैचारिक संकल्प कार्यक्रम



**जयपुर, 12 फरवरी।** प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर द्वारा प्रातः 5.30 बजे श्री राधा गोविंद देव जी मंदिर परिसर में संगोष्ठी एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, संकल्प और वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बना, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प दोहराया। प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम, जयपुर शहर जिला अध्यक्ष अमित गोयल सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा अंत्योदय के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए मिथिलेश गौतम ने कहा कि एकात्म मानववाद राष्ट्र के समग्र विकास की जीवनदृष्टि है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही सच्चा राष्ट्र धर्म है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां अंत्योदय दर्शन को धरातल पर साकार कर रही हैं। अमित गोयल ने कहा कि सेवा, समर्पण और संगठन शक्ति भाजपा की कार्यसंस्कृति की पहचान है। उन्होंने गरीब कल्याण, सुशासन और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।


**कार्यालय नगर निगम जयपुर**
मुरलीपुरा स्कीम, सब्जी मण्डी, जयपुर।
क्रमांक :- जसअ/2025/482 दिनांक: 06.02.2026
**ई- निविदा सूचना संख्या 263-272/2025-26**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत "एए" व "ए" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न विकास कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in तथा नगर निगम जयपुर की Web Site www.jaipurmc.org पर देखी व Download की जा सकती है तथा निर्धारित अवधि तक ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकेगीं। SPPP portal UBN No. JMC2526WSOB02738 to JMC2526WSOB02746, JMC2526WSOB02791
अधिशाषी अभियन्ता
मुरलीपुरा जोन
नगर निगम जयपुर।
राज.संवाद/सी/25/19548



राजस्थान सरकार
**कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) डीडवाना-कुचामन**
Email: election.dm.dk@rajasthan.gov.in Telephone no.: 01580-222000 Gmail: no.dm.dk@gmail.com
क्रमांक: - जिनिअ/प.न.नि.चु./2026/745 दिनांक: 06.02.2026
**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**
जिला डीडवाना-कुचामन पंचायत आम चुनाव, 2026 एवं नगर निकाय चुनाव हेतु निम्नानुसार विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसका अवलोकन https://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (https://sppp.raj.nic.in) पर किया जाता जा सकता है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | UBN नम्बर | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत व्यवस्था का कार्य | 30 लाख | DEK2526SLOB00027 | 12.02.2026 11.00 A.M |
| 2. | सीसीटीवी एवं वीडियोग्राफी के कार्य | 90 लाख | DEK2526SLOB00028 | 12.02.2026 11.00 A.M |

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
(अतिरिक्त जिला कलक्टर)
डीडवाना-कुचामन
डीआईपीआर/सी/2801/26



**EXECUTIVE ENGINEER PHED RURAL DIV 1st ALWAR (NCR)**
HKM NAGAR ALWAR (RAJ.) E-Mail- eephedrd1-alw-rj@nic.in
No-3175-83 Date- 29/1/26
**NOTICE INVITING BID (NIT No. 25-26/2025-26)**
Bids for Work of transportation of water through tankers in various town (malkhera and bahadurpur) and rural area of Sub Dn. Malakera and umrain under Rural Dn.-I NCR Alwar are invited from interested bidders upto 05:00 PM on Date 16.02.2026. Other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in http://sppp.raj.nic.in) of the state and https://phedwater.rajasthan.gov.in departmental website.
UBN: PHE2526WSOB12250, PHE2526WSOB12258
DIPR/C/2216/26 Executive Engineer



**EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION BHIWADI (NCR)**
Bhagat Singh Colony, Bhiwadi, District Khairthal-Tijara (Raj.)
E-Mail- eebhiwadi.alw.phed@rajasthan.gov.in
No- 2826 Date-31-01-2026
**NOTICE INVITING BID (Nit No 110-121/2025-26)**
Bids for Annual Rate Contract for various maintainence works (Lowering Unlowering, Cleaning, Fabrication, Leakage, Pump House, Handpump Repair and Valve Operation) under Sub Division Mundawar under Division Bhiwadi NCR are invited from interested bidders upto 05:00 PM on Date 15-02-2026. Other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and https://phedwater.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of procurement is Rs 51.50 Lacs.
UBN:- PHE2526WSRC12670, PHE2526WSRC12671, PHE2526WSRC12672 PHE2526WSRC12674, PHE2526WSRC12676, PHE2526WSRC12678, PHE2526WSRC12680, PHE2526WSRC12681, PHE2526WSRC12682, PHE2526WSRC12683, PHE2526WSRC12684, PHE2526WSRC12685
DIPR/C/2389/26 Executive Engineer



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED, DIVISION KATHUMAR (ALWAR)**
No. EE/Kat/NIT/2025-26/2236-41 Date: 30.01.2026
**NOTICE INVITING BID (53/2025-26)**
Bid for Providing, Laying, Jointing, Testing and commissioning of HDPE/DI pipeline of various size Under PHED Sub Division Laxmangarh and Kathumar District Alwar including Defect Liability on Rate Contract Basis" are invited from interested bidders upto 23.02.2026 upto 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in) and http://www.eproc.rajasthan.gov.in.
SPPP UBN NO. :- PHE2526WSRC12729
Executive Engineer,
PHED Division Kathumar
DIPR/C/2402/26



**कार्यालय नगर निगम जयपुर**
(नन्दपुरी रेल्वे अण्डरपास के पास, जगतपुरा, जयपुर)
क्रमांक :- जसअ/2025/486 दिनांक: 09.02.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या - 16/2025-26**
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपर्युक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता झालाना जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।
(JMC2526WS0B02793)
अधिशाषी अभियन्ता
झालाना जोन
नगर निगम जयपुर
राज.संवाद/सी/25/19545



राजस्थान सरकार
**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड द्वितीय, जयपुर सी-ब्लॉक, बेसमेन्ट, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 (राज.)**
क्रमांक : 2578 दिनांक : 3/2/2026
**ई-निविदा सूचना संख्या: 23/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत जयपुर खंड कार्यालय में 02 विद्युत कार्य हेतु कुल राशि रू. 398.00 लाख के उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों /केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष किसी भी श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org. www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं।
UBN NO-1 MHS2526WSOB06344 2 MHS2526WSOB06345
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
खण्ड द्वितीय, जयपुर
डीआईपीआर/सी/2658/26



**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, अलवर आगार
**निविदा-सूचना**
राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अलवर आगार में निर्मित दुकान (2, 4, 5, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 17, खोखा न. 2 हेतु निविदा आंमत्रित की जानी है। निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित दुकानो हेतु धरोहर राशि 20000/- एवं खोखे हेतु 10000/- व नगद अथवा डीडी/बैंकर्स चैक मुख्य प्रबन्धक राजस्थान परिवहन निगम अलवर के नाम के रूप में जमा करवानी होगी। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव दिंनाक 16.02.2026 को 14.00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्ताव उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोलें जावेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc व SPPP पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।
UBN No.: RTC2526SLRC00788
राज.संवाद/सी/25/19632 विज्ञापन संख्या 376/2025-26 मुख्य प्रबन्धक



स्वायत्त शासन विभाग
**कार्यालय नगर पालिका, सीकरी, जिला-डीग (राज०)**
Email – eonpsikri.lsg@rajasthan.gov.in Email - sikriulb.jaipur@gmail.com
पता :- मैन मार्केट पंचायत चौक, सीकरी (डीग) राज०
क्रमांक:- न.पा.सीकरी/स्टोर/2025-26/2564 दिनांक :- 09.02.2026
**निविदा सूचना - 19/2025-26**
नगरपालिका सीकरी की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मान्यता प्राप्त उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा द्वारा कुल 04 कार्य की कुल अनुमानित लागत 13.00 लाख रूपये की निविदा आमंत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णतः निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्तें कार्यालय एवं विभाग की बेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in देखी/पढी जा सकती है। जिसके UBN NO. निम्नलिखित है।
Nib Code – DLB2526B1414, Publish Date – 09.02.2026, DLB2526WSOB33612
UBN No. – DLB2526WSOB33609, DLB2526WSOB33610, DLB2526WSOB33611
राज.संवाद/सी/25/19649 अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बाड़ी, जिला-धौलपुर (राज.)**
क्रमांक :- न.प.बा./2025-26/1439-1442 दिनांक :- 09.02.2026
**निविदा आमंत्रण सूचना**
नगर पालिका बाड़ी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 16.02.2026 एवं वित्तीय बिड तकनीकी जॉच उपरान्त खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| Sr.No. | UBN no. | Tender ID | Estimated Cost |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB33552 | 2025_DLB_536679_1 | 06.68 लाख |
| 2 | DLB2526WSOB33551 | 2025_DLB_536677_1 | 04.98 लाख |
| 3 | DLB2526WSOB33550 | 2025_DLB_536551_1 | 07.04 लाख |
| 4 | DLB2526WSOB33546 | 2025_DLB_536548_1 | 05.50 लाख |
| 5 | DLB2526WSOB33545 | 2025_DLB_536547_1 | 04.94 लाख |
| 6 | DLB2526WSOB33549 | 2025_DLB_536546_1 | 07.63 लाख |
| 7 | DLB2526WSOB33548 | 2025_DLB_536539_1 | 17.91 लाख |

राज.संवाद/सी/25/19641 अधिशाषी अधिकारी



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल बाड़ी, जिला-धौलपुर (राज.)**
क्रमांक :- न.प.बा./2025-26/1326-28 दिनांक :- 06.02.2026
**निविदा आमंत्रण सूचना**
नगर पालिका बाड़ी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी के पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड दिनांक 18.02.2026 एवं वित्तीय बिड तकनीकी जॉच उपरान्त खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन को अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर निविदा खोली जावेगी। निविदा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| Sr.No. | UBN no. | Tender ID | Estimated Cost |
|---|---|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB33333 | 2025_DLB_535884_1 | 19.85 लाख |
| 2 | DLB2526WSOB33332 | 2025_DLB_535883_1 | 21.58 लाख |
| 3 | DLB2526WSOB33331 | 2025_DLB_535876_1 | 12.36 लाख |
| 4 | DLB2526WSOB33330 | 2025_DLB_535869_1 | 18.38 लाख |
| 5 | DLB2526WSOB33329 | 2025_DLB_535866_1 | 11.66 लाख |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका बाडी
राज.संवाद/सी/25/19582

## आज का दिन

फाल्गुन कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1447, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 12 फरवरी, सन् 2026 ईस्वी। वार- गुरुवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-शिशिर

### सम्पादकीय

# राजस्थान की आर्थिक वृद्धि में मददगार बनेगा यह बजट

**राजस्थान** बजट 2026-27 को उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी ने प्रस्तुत किया। यह बजट राज्य की आर्थिक वृद्धि और सामाजिक सशक्तिकरण पर केंद्रित है। कुल बजट पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। इससे स्पष्ट है कि सरकार ने विकास की गति तेज करने का संकल्प लिया है। कर्मचारियों के लिए कई घोषणा की गई है, जिससे वेतन और भत्तों में सुधार की उम्मीद है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए ब्याज-मुक्त ऋण देने की योजना है और राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी तथा टेक्नो हब जैसी संस्थाओं की स्थापना से रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लक्षपति दीदी योजना के तहत ऋण सीमा बढ़ाकर 1.5 लाख कर दी गई है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास है। बुनियादी ढांचे में निवेश पर विशेष ध्यान दिया गया है-सड़क निर्माण, जल प्रबंधन और सौर ऊर्जा पार्कों की योजनाएं दीर्घकालीन विकास की दिशा में अहम साबित होंगी। सुरक्षा के क्षेत्र में आठ जिलों में इंटीग्रेटेड मिलिट्री कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना है, जो सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह बजट संतुलित और दूरदर्शी प्रतीत होता है। एक ओर यह कर्मचारियों, युवाओं और महिलाओं को राहत देता है, वहीं दूसरी ओर बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश से भविष्य की नींव मजबूत करने का प्रयास करता है। हालांकि, इतनी बड़ी आर्थिक वृद्धि के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कार्यान्वयन की दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती होगी। इस दृष्टि से यह बजट राजस्थान को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक ठोस कदम कहा जा सकता है।

*बुनियादी ढांचे में निवेश पर विशेष ध्यान दिया गया है-सड़क निर्माण, जल प्रबंधन और सौर ऊर्जा पार्कों की योजनाएं दीर्घकालीन विकास की दिशा में अहम साबित होंगी।*

### विदेशी अखबारों से

## पाक युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को उचित सम्मान नहीं देता

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अब तक के अपने सबसे कड़े बयान में अमेरिका पर इस्लामाबाद का अपने रणनीतिक हितों के लिए शोषण करने और फिर उसे शौचालय के कागज से भी बदतर बताकर त्याग देने का आरोप लगाया है। संसद में बोलते हुए आसिफ ने कहा कि 1999 के बाद, विशेष रूप से अफगानिस्तान के संबंध में, वाशिंगटन के साथ फिर से गठबंधन करने के पाकिस्तान के फैसले ने देश को स्थायी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने अमेरिकी समर्थन प्राप्त करने की कोशिश को एक गंभीर गलत निर्णय बताया, जिसके परिणाम पाकिस्तान दशकों बाद भी भुगत रहा है। आसिफ ने कहा कि 1999 के बाद, विशेषकर अफगानिस्तान संघर्ष में, अमेरिका का साथ देने के पाकिस्तान के फैसले ने गहरा और दीर्घकालिक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने स्वीकार किया कि देश ने खुद को ऐसे युद्धों में घसीटने दिया जो वास्तव में कभी उसके अपने नहीं थे। उन्होंने इस लंबे समय से चले आ रहे दावे को खारिज कर दिया कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका धार्मिक कर्तव्य पर आधारित थी। उनके अनुसार, लोगों को जिहाद के नाम पर एक भ्रामक कहानी के तहत लामबंद किया गया, जिसने पाकिस्तान के भीतर उग्रवाद और अराजकता को ही बढ़ावा दिया। एक चौंकाने वाले खुलासे में, मंत्री ने कहा कि इन युद्धों का समर्थन करने के लिए पाकिस्तान की शिक्षा प्रणाली में भी बदलाव किए गए थे। उन्होंने स्वीकार किया कि विदेशी हितों से प्रेरित संघर्षों में शामिल होने को उचित ठहराने के लिए वैचारिक परिवर्तन किए गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 1980 के दशक में सोवियत विरोधी युद्ध धर्म के बारे में नहीं, बल्कि अमेरिकी भू-राजनीतिक लक्ष्यों के बारे में था। फिर भी पाकिस्तान ने सामाजिक और आर्थिक दोनों तरह से इसकी कीमत चुकाई। आसिफ ने पूर्व सैन्य नेताओं को भी नहीं बख्शा। उन्होंने जनरल जिया-उल-हक और जनरल परवेज़ मुशर्रफ पर अल्पकालिक लाभ के लिए पाकिस्तान को बाहरी युद्धों में घसीटने का आरोप लगाया, जिसके चलते वैश्विक शक्तियों के चले जाने के बाद भी देश को आतंकवाद, कट्टरता और आर्थिक नुकसान से जूझना पड़ा।

### प्रेरक प्रसंग

## साधु के भेष में डकैत

**एक** गांव के पास जंगल में डाकुओं का एक झुंड रहता था। उनका सरदार साधु के भेष में रहता और व्यापारियों व अमीरों को लूटकर गरीबों में धन बांटता था। उसे लगता था कि राज्य गरीबों की उपेक्षा करता है, इसलिए वह अमीरों से नफरत करने लगा। एक दिन राजधानी से लौटते व्यापारियों का समूह उस जंगल में पहुंचा। डाकुओं ने उन्हें घेर लिया। तभी एक व्यापारी धन का थैला लेकर भागा और एक साधु के तंबू में जा पहुंचा। व्यापारी ने साधु से कहा कि यदि वह मारा गया तो यह धन उसके परिवार तक पहुंचा दे। साधु ने वचन दिया कि वह धन की रक्षा करेगा। व्यापारी का विश्वास देखकर साधु-सरदार का मन विचलित हो गया। बाहर डाकू व्यापारियों को मार रहे थे। सरदार ने आदेश दिया कि उन्हें छोड़ दिया जाए और आधा धन लौटा दिया जाए। डाकू पहले असहमत हुए, पर अंततः मान गए। व्यापारी अपना थैला लेने लौटा और देखकर चौंक गया कि साधु वास्तव में डाकुओं का सरदार है। पर सरदार ने उसका थैला सुरक्षित लौटाया। व्यापारी प्रसन्न होकर दान देना चाहता था, पर साधु ने मना कर दिया। तंबू में लौटकर डाकुओं ने सरदार से पूछा कि उसने धन क्यों छोड़ा। सरदार ने कहा कि व्यापारी ने उसे भगवान का भक्त मानकर भरोसा किया था, और विश्वास तोड़ना सबसे बड़ा अपराध है। उसने स्वीकार किया कि राज्य की उपेक्षा के कारण वे गलत राह पर चले गए, पर अब उन्हें मेहनत और ईमानदारी से जीना चाहिए।

# भारतीय किसानों की गहराती आशंकाएं

**उमेश चतुर्वेदी**

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे। भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा।*

**इसमें** दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है। इसके तहत अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत अमेरिका की ओर से प्रस्तावित 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे। भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे अमेरिकी कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स यहीं पर नहीं रूके। उन्होंने सिर्फ 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि भारत के साथ कृषि कारोबार के चलते अमेरिका को 1.3 अरब डॉलर का घाटा हो रहा है। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है।

रोलिंग्स की इस खुशी की वजह से भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती-किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत के छियासी प्रतिशत किसान सीमांत या लघु हैं। जिनकी जोत दो हेक्टेयर से कम है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। इससे भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है। किसानों की आशंकाओं को विपक्षी दलों ने अपने ऊंचे सुरों से और बढ़ाया ही है। लेकिन कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों,सब्ज़ियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक, इस समझौते से भारतीय किसानों को नए अवसर मिलेंगे,क्योंकि इस समझौते में कृषि क्षेत्र को नुकसान पहुंचाए, ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया गया है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। हालिया आंकड़ों के अनुसार, भारत की ओर से अमेरिका समेत कई देशों को करीब 63 हजार करोड़ के चावल का निर्यात कर चुका है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा।



भारत-अमेरिकी समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनीं पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। इस बवंडर का सामना करने की हिम्मत विरली राजनीतिक ताकतें ही कर सकती हैं। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों, खासतौर पर एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए तीन लाख अरब अमेरिकी डॉलर का बड़ा बाजार खुलने की उम्मीद है। इसकी वजह से जो निर्यात बढ़ेगा, उससे महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना जताई जा रही है। भारत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, मुर्गी पालन, दूध, पनीर, एथनॉल, तंबाकू, सब्जियां और मांस सहित संवेदनशील कृषि और दुग्ध उत्पादों को पूर्ण रूप से संरक्षित करेगा। दोनों देश अपने-अपने हित वाले क्षेत्रों में एक-दूसरे को तरजीही बाजार पहुंच प्रदान करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। दूसरी तरफ भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है। लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं। भारत के सामने संकट यह है कि अगर उसने इस क्षेत्र को खोला तो छोटे और सीमांत किसानों के सामने जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उनसे वह कैसे निबट पाएगा।

# चीन ने सुरक्षा परिषद में भारत के दावे का किया समर्थन

**नीरज कुमार दुबे**

*करीब 4 वर्ष तक चले पूर्वी लद्दाख गतिरोध ने दोनों देशों के संबंधों को झकझोर दिया था। उसके बाद हुए सीमा समझौते और शीर्ष नेतृत्व की बैठकों के फल अब सामने आने लगे हैं। दोनों पक्षों ने माना कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता ही व्यापक रिश्तों की बुनियाद है। इसी सोच के साथ द्विपक्षीय व्यापार से जुड़ी अड़चनों को राजनीतिक और सामरिक दृष्टि से सुलझाने पर जोर दिया गया। बैठक में वायु सेवा समझौते को जल्द नया रूप देने, जन से जन संपर्क बढ़ाने और प्रवेश अनुमति पत्र प्र या को सरल बनाने पर सहमति बनी। कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने को भरोसे की बहाली का संकेत माना गया और इसके दायरे को आगे बढ़ाने की आशा जताई गई।*

**भारत** और चीन के बीच रिश्तों की जमी बर्फ अब पिघलने लगी है और यह बदलाव केवल सीमा तक सीमित नहीं दिख रहा, बल्कि व्यापार, कूटनीति और वैश्विक शक्ति संतुलन तक फैलता नजर आ रहा है। नई दिल्ली में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी और चीन के कार्यकारी उप विदेश मंत्री मा झाओशु के बीच हुई सामरिक संवाद बैठक ने यह साफ कर दिया कि दोनों देश टकराव की लंबी थकान के बाद अब ठोस लाभ की राह तलाश रहे हैं। बातचीत का मुख्य आधार रहा व्यापारिक रिश्तों को आगे बढ़ाना और वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखना। हम आपको याद दिला दें कि करीब 4 वर्ष तक चले पूर्वी लद्दाख गतिरोध ने दोनों देशों के संबंधों को झकझोर दिया था। उसके बाद हुए सीमा समझौते और शीर्ष नेतृत्व की बैठकों के फल अब सामने आने लगे हैं। दोनों पक्षों ने माना कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता ही व्यापक रिश्तों की बुनियाद है। इसी सोच के साथ द्विपक्षीय व्यापार से जुड़ी अड़चनों को राजनीतिक और सामरिक दृष्टि से सुलझाने पर जोर दिया गया। बैठक में वायु सेवा समझौते को जल्द नया रूप देने, जन से जन संपर्क बढ़ाने और प्रवेश अनुमति पत्र प्रक्रिया को सरल बनाने पर सहमति बनी। कैलाश मानसरोवर यात्रा के फिर से शुरू होने को भरोसे की बहाली का संकेत माना गया और इसके दायरे को आगे बढ़ाने की आशा जताई गई।

सबसे अधिक ध्यान खींचने वाली बात रही चीन का यह कहना कि वह भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता की आकांक्षा को समझता और उसका सम्मान करता है। यह रुख पहले के ठंडे या विरोधी रवैये से अलग माना जा रहा है। सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य हैं और हर एक के पास वीटो शक्ति है। ऐसे में किसी नए स्थायी सदस्य के रास्ते में इन पांचों की सहमति निर्णायक होती है। पहले चार स्थायी सदस्यों ने अलग अलग समय पर भारत के दावे का समर्थन जताया है, जबकि चीन का रुख अस्पष्ट या ठंडा रहा। अब बीजिंग की यह नरमी नई चर्चा को जन्म दे रही है। चीन ने यह भी कहा कि बदलती अंतरराष्ट्रीय स्थिति में दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, सहयोगी साझेदार के रूप में देखना चाहिए। दोनों ने बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका, ग्लोबल साउथ की एकजुटता और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की बात दोहराई। साथ ही भारत की इस वर्ष की ब्रिक्स अध्यक्षता और भारत में होने वाली ब्रिक्स शिखर बैठक के लिए चीन ने समर्थन जताया। यह पूरा घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत ने अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते आगे बढ़ाए हैं और अपनी आपूर्ति श्रृंखला को विविध बना रहा है। ऐसे में चीन का भारत की ओर व्यापार और कूटनीति का हाथ बढ़ाना केवल सद्भाव नहीं, बल्कि रणनीति भी माना जा रहा है। दुनिया की दो सबसे बड़ी आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं यदि टकराव कम कर सहयोग बढ़ाती हैं, तो एशिया ही नहीं, पूरे विश्व का शक्ति गणित बदल सकती हैं। पिछले छह महीनों में भारत चीन संबंधों में जो सुधार दिखा है, उसमें शीर्ष नेतृत्व की मुलाकातें, सैन्य स्तर पर संवाद और आर्थिक संपर्क की बहाली शामिल है। हालांकि अविश्वास पूरी तरह खत्म नहीं हुआ, पर संवाद की पटरी पर लौटना अपने आप में बड़ा बदलाव है। देखा जाये तो भारत चीन रिश्तों में यह नरमी केवल दोस्ती की कहानी नहीं, बल्कि कठोर यथार्थ की राजनीति है। अमेरिका के साथ भारत के बढ़ते व्यापार और सामरिक समीकरण ने बीजिंग को संकेत दिया है कि नई दिल्ली अब विकल्पों से भरपूर है। ऐसे में चीन का लहजा बदलना स्वाभाविक भी है और मजबूरी भी। वह नहीं चाहता कि भारत पूरी तरह पश्चिमी खेमे की ओर झुक जाए और एशिया में उसके लिए संतुलन बिगड़ जाए।

भारत के लिए भी यह मौका है, पर खतरे से खाली नहीं। चीन के शब्द मधुर हो सकते हैं, पर उसकी नीति हमेशा अपने हित के इर्द गिर्द घूमती है। सीमा पर शांति की बात स्वागत योग्य है, पर जमीन पर सख्त चौकसी ढीली नहीं पड़नी चाहिए। इतिहास बताता है कि भरोसा और सतर्कता दोनों साथ साथ चलाने पड़ते हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता पर चीन का नरम संकेत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसके बिना सुधार की गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती। लेकिन केवल समझने और सम्मान करने से काम नहीं चलेगा, खुला और स्पष्ट समर्थन ही असली कसौटी होगा। बहरहाल, यदि भारत और चीन सच में प्रतिस्पर्धा को नियंत्रित कर सहयोग का रास्ता निकाल लेते हैं, तो इसके वैश्विक और क्षेत्रीय भूराजनीतिक निहितार्थ गहरे होंगे। एशिया में तनाव घट सकता है, आपूर्ति श्रृंखलाएं स्थिर हो सकती हैं और ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत हो सकती है। इससे बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भी नया बल मिलेगा, जहां पश्चिम का वर्चस्व अकेला निर्णायक न रहे। पर अंतिम सवाल यही है कि क्या यह बदलाव स्थायी होगा या हालात बदलते ही फिर तल्खी लौट आएगी। भारत को इस नए दौर में आत्मविश्वास, आर्थिक शक्ति और सैन्य तैयारी के साथ कदम बढ़ाना होगा। दोस्ती की मेज पर हाथ मिलाते समय भी सीमा पर नजर और दिमाग, दोनों खुले रखने होंगे। यही परिपक्व शक्ति की पहचान है।

### ब्लॉग

# हम केवल 'आत्मनिर्भरता' पर ही भरोसा नहीं कर सकते

**आशुतोष वार्ष्णेय**

**भारत** को बदलती हुई विश्व-व्यवस्था का जवाब कैसे देना चाहिए? इसके लिए सबसे पहले एक बड़े सवाल का जवाब देना जरूरी है। यह कि आज दुनिया में भू-राजनीति और अर्थव्यवस्था का क्या रिश्ता है?

वैश्वीकरण के हालिया दौर में- जिसकी शुरुआत 1980 के दशक में हुई और 1991 में सोवियत संघ के टूटने के बाद जिसे मजबूती मिली- आम तौर पर भू-राजनीति अर्थव्यवस्था के पीछे चलती थी और अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से बाजार-आधारित थी। ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय संबंध आर्थिक हितों के आसपास बने थे। दुनिया के मंच पर चीन का उभार इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। 2002 में पश्चिम के समर्थन से, चीन- जो राजनीतिक रूप से कम्युनिस्ट था, लेकिन आर्थिक रूप से कम्युनिस्ट नहीं रह गया था- को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल किया गया।

यह याद रखना जरूरी है कि 1972 में चीन-अमेरिका के बीच हुआ शुरुआती मेल-मिलाप पूरी तरह रणनीतिक था, आर्थिक नहीं। उस समय चीन आर्थिक रूप से पिछड़ा था और दुनिया को देने के लिए उसके पास कोई खास उत्पाद नहीं थे। उसका व्यापार/जीडीपी अनुपात सिर्फ 5 प्रतिशत था। न ही वह विदेशी निवेश का स्वागत कर रहा था।

शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने सोवियत संघ को कमजोर करने के लिए चीन को साझेदार के रूप में देखा था, लेकिन 1991 के बाद भी अमेरिका ने चीन से दूरी नहीं बनाई। इसके बजाय, जैसे-जैसे चीन ने अपने बाजार दुनिया के लिए खोले, अर्थव्यवस्था चीन-अमेरिका रिश्ते की बुनियाद बनती गई। बड़े आर्थिक अवसरों ने चीन के अमेरिका और पश्चिम के साथ रिश्तों को आगे बढ़ाया। देश और कंपनियां तेजी से चीन की ओर दौड़ीं। आज स्थिति यह है कि अर्थव्यवस्था भू-राजनीति के पीछे चलने लगी है, हालांकि वह अभी पूरी तरह से उसके अधीन नहीं हुई है। अगर चीन का डब्ल्यूटीओ में शामिल होना इसका सबसे बड़ा संकेत था कि पहले अर्थव्यवस्था भू-राजनीति पर भारी थी, तो अब ट्रम्प द्वारा टैरिफ को भू-राजनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल करना नए दौर का सबसे बड़ा इशारा है।

कभी टैरिफ एक आर्थिक औजार हुआ करता था और वैश्वीकरण के दौर में ज्यादातर देश इन्हें न्यूनतम स्तर तक कम करना चाहते थे, लेकिन पिछले एक साल में अमेरिका ने अपने पुराने सहयोगियों पर भी टैरिफ लगाए हैं, क्योंकि अब वह उन्हें ज्यादा काम का नहीं मानता। 1949 में अमेरिका के संरक्षण में पश्चिमी यूरोप को सोवियत संघ से बचाने के लिए बनाए गए नाटो के साथ ट्रम्प का व्यवहार नई भू-राजनीति का अहम उदाहरण है। ग्रीनलैंड से जुड़ी अपनी योजनाओं के लिए ट्रम्प उन नाटो देशों को दंडित करने के लिए भी टैरिफ का इस्तेमाल करने को तैयार थे, जिन्होंने उनका विरोध किया। हालांकि बाद में उन्होंने कदम पीछे खींच लिए। 2028 से 2030 के बीच भारत जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन क्या यह रफ्तार आगे भी बनी रह पाएगी? ट्रम्प द्वारा भारत के अमेरिका जाने वाले निर्यात पर ऊंचे टैरिफ लगाना इस समस्या का बड़ा हिस्सा है। वहीं दूसरी ओर, अमेरिका ने पाकिस्तान को अपनाया है और चीन पर उतने कड़े टैरिफ नहीं लगाए, जबकि चीन भी भारत का एक भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी है।

# कप्तान मार्श चोटिल, ऑस्ट्रेलिया ने स्मिथ को कवर के तौर पर बुलाया



**कोलंबो।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। चोटिल कप्तान मिचेल मार्श बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल सके। उनके स्थान पर स्टीव स्मिथ को कवर के तौर पर बुलाया गया है। मिचेल मार्श को इस हफ्ते की शुरुआत में ट्रेनिंग के दौरान कमर में चोट लगी, जिसके बाद अंदरूनी रक्तस्राव हुआ था। बुधवार को मार्श की गैरमौजूदगी में ट्रेविस हेड आयरलैंड के खिलाफ टीम की कप्तानी कर रहे हैं।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेल चुके स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम का अहम हिस्सा हैं। अब उन्हें टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए श्रीलंका बुलाया गया है। स्मिथ खुद को वहां के हालात के हिसाब से ढालेंगे और जरूरत पड़ने पर खेलने के लिए तैयार रहेंगे। मिचेल मार्श को लगातार दर्द और बेचैनी हो रही है, जिससे उनका मूवमेंट रुक रहा है। स्कैन से टेस्टिकुलर ब्लीडिंग की पुष्टि हुई है, उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए कुछ समय लगेगा। उनकी वापसी लक्षणों के ठीक होने और मेडिकल सलाह के आधार पर होगी। स्टैंडबाय खिलाड़ी स्टीव स्मिथ जरूरत पड़ने पर मौसम के हिसाब से ढलने और तैयारी करने के लिए कवर के तौर पर श्रीलंका जाएंगे।

स्मिथ को अभी तक ऑस्ट्रेलिया की वर्ल्ड कप टीम में आधिकारिक रूप से शामिल नहीं किया गया है, लेकिन 2021 की चैंपियन टीम के पास एक एक्स्ट्रा जगह खाली है, अगर उन्हें 15 खिलाड़ियों के ग्रुप में जोश हेजलवुड की जगह नहीं लेने के बाद उन्हें जल्दी लाने की जरूरत पड़ती है।

चोटिल जोश हेजलवुड और पैट कमिंस दोनों शुरुआती टीम से बाहर हो गए थे। अब चोटिल खिलाड़ियों की सूची में मिचेल मार्श का नाम भी जुड़ गया है। इस बीच, नाथन एलिस को हैमस्ट्रिंग की परेशानी से उबरने के बाद फिट घोषित कर दिया गया है। वह आयरलैंड के खिलाफ इस विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच में खेल रहे हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप : इंग्लैंड की 30 रन से हार, लगातार दूसरी जीत के साथ टॉप पर वेस्टइंडीज



**मुंबई।** वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इस टीम ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के विरुद्ध 30 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ कैरेबियन टीम ग्रुप-सी की प्वाइंट्स टेबल में +1.625 नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। इस टीम ने 8 के स्कोर तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए थे। यहां से शिमरोन हेटमायर ने रोस्टन चेज के साथ तीसरे विकेट के लिए 28 गेंदों में 47 रन जुटाकर टीम को संभाला। हेटमायर 12 गेंदों में 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शेरफन रदरफोर्ड ने रोवमैन पॉवेल (14) के साथ पांचवें विकेट के लिए 29 गेंदों में 51 रन की साझेदारी की। इसके बाद जेसन होल्डर के साथ छठे विकेट के लिए 32 गेंदों में 61 रन जोड़े। होल्डर 17 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रदरफोर्ड ने 7 छक्कों और 2 चौकों के साथ नाबाद 76 रन बनाए। विपक्षी खेमे से जेमी ओवरटन और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट निकाले। एक-एक सफलता जोफ्रा आर्चर और सैम करने के हाथ लगी।

इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 19 ओवरों में 166 रन पर सिमट गई। सलामी जोड़ी के रूप में फिल सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ 3.2 ओवरों में 38 रन की साझेदारी की। सॉल्ट 14 गेंदों में 6 बाउंड्री के साथ 30 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद बटलर ने जैकब बेथेल के साथ 20 गेंदों में 36 रन जोड़े। बटलर 21 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जैकब ने 33 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।


इंग्लैंड की टीम 90 के स्कोर तक 4 विकेट खो चुकी थी, जिसके बाद सैम करन ने हैरी ब्रूक के साथ 26 गेंदों में 41 रन जुटाए, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही इंग्लैंड निरंतर अंतराल पर अपने विकेट गंवाती रही। ब्रूक 17 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सैम करन ने 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ नाबाद 43 रन जुटाए। विपक्षी खेमे से गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि रोस्टन चेज ने 2 विकेट निकाले। एक-एक विकेट अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड और शमार जोसेफ ने निकाला।

# भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले नामीबियाई कप्तान ने ट्रेनिंग शेड्यूल पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** भारत-नामीबिया के बीच गुरुवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 18वां मैच अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाना है, जिससे पहले नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने अपनी टीम के ट्रेनिंग शेड्यूल पर नाराजगी जताई है। कप्तान का कहना है कि उनकी टीम को अरुण जेटली स्टेडियम में फ्लडलाइट्स में प्रैक्टिस करने का मौका नहीं मिला। मंगलवार को सुबह के मैच में नामीबिया की टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ 7 विकेट से हार गई थी। इसके बाद कोच क्रेग विलियम्स ने संकेत दिया था कि टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन भारत के खिलाफ डे-नाइट मैच की तैयारी के लिए शाम के ट्रेनिंग सेशन की योजना बनाई है। हालांकि, नामीबिया को बुधवार को दोपहर का प्रैक्टिस स्लॉट दिया गया था, जबकि भारत ने मैच से पहले दोनों दिन शाम के समय ट्रेनिंग की। कनाडा का सामना शुक्रवार को दोपहर 3 बजे यूएई से होगा। इस टीम ने भी भारत के साथ लाइट्स में ट्रेनिंग की। इरासमस ने भारत के विरुद्ध मुकाबले से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, नामीबिया में हमारे कोई नाइट मैच या डे-नाइट मैच नहीं हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के हिसाब से, शायद यही हमारे लिए बड़ी चुनौती है। नेपाल प्रीमियर लीग, आईएलटी20 या पहले वर्ल्ड कप में खेलने वाले खिलाड़ियों को छोड़कर, ज्यादातर खिलाड़ी लाइट्स में खेलने के आदी नहीं हैं। इस मैच से पहले हमें नाइट ट्रेनिंग नहीं दी गई है। भारत को दो बार ट्रेनिंग का मौका दिया गया था, और बुधवार को कनाडा को (शुक्रवार दोपहर यूएई के खिलाफ उनके गेम से पहले) भी एक मौका मिला। आप इससे जो चाहें समझ लें हम बस नामीबियाई तरीके से खेलेंगे, यानी लड़ना। उन्होंने अपने युवा खिलाड़ियों से भी कहा कि वे इस मौके का फायदा उठाएं और जब वे 40,000 की भीड़ के सामने इंडिया का सामना करेंगे तो उस पल में रहें।

## जन्मदिन विशेषः टेस्ट डेब्यू पर तहलका मचाने वाले गुंडप्पा विश्वनाथ ने जिस मैच में भी सेंचुरी लगाई उसे भारत कभी हारा नहीं



**नई दिल्ली।** गुंडप्पा विश्वनाथ की गिनती भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाजों में होती है, जिन्होंने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में शतक लगाने का कारनामा किया। विश्वनाथ ने टेस्ट करियर में जब भी सेंचुरी लगाई, भारत उस मुकाबले को नहीं हारा। वह अपने दौर में टेस्ट खेलने वाले सभी देशों के खिलाफ शतक लगाने वाले पहले भारतीय रहे। 12 फरवरी 1949 को मैसूर में जन्मे गुंडप्पा रंगनाथ विश्वनाथ ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के साथ भारत की सीनियर टीम में स्थान बनाया। उन्होंने 1967-68 में आंध्र के खिलाफ मैसूर की ओर से प्रथम श्रेणी में डेब्यू करते हुए दोहरा शतक लगाकर अपनी पहचान बनाई थी। गुंडप्पा विश्वनाथ को नवंबर 1969 में टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मुकाबले की पहली पारी में विश्वनाथ खाता तक नहीं खोल सके थे, जिसके बाद अगली पारी में 137 रन बनाए।

गुंडप्पा विश्वनाथ चाहे घरेलू मैच खेले या फिर भारत की ओर से टेस्ट मैच, उन्होंने मुकाबले से पहले कभी भी नेट्स पर प्रैक्टिस नहीं की। वह मुकाबले से पहले अपनी ऊर्जा बचाने की कोशिश करते थे। अपनी बेहतरीन टाइमिंग और तकनीक के लिए मशहूर विश्वनाथ ने भारत के लिए 91 टेस्ट खेले। इस दौरान 41.93 की औसत के साथ 6,080 रन बनाए। विश्वनाथ ने 14 बार शतकीय पारियां खेलीं। खास बात ये रही कि जब-जब विश्वनाथ ने शतक लगाया, भारत ने उस मैच को नहीं गंवाया। विश्वनाथ ने जिन मुकाबलों में शतक लगाए, भारत ने उनमें से 4 जीते, जबकि 10 ड्रॉ पर समाप्त हुए। विश्वनाथ ने 13 जुलाई 1974 को वनडे फॉर्मेट में डेब्यू किया, जिसमें 25 मैच खेले। इस दौरान उनके बल्ले से 19.95 की औसत के साथ 439 रन निकले। विश्वनाथ ने साल 1982 में अंतिम वनडे मुकाबला खेला, जबकि फरवरी 1983 में आखिरी बार टेस्ट मैच खेलने उतरे। संन्यास के बाद उन्होंने साल 1999 से 2004 के बीच आईसीसी मैच रेफरी के रूप में भी काम किया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रहे और राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष का पद भी संभाला। क्रिकेट में उत्कृष्ट योगदान के लिए गुंडप्पा विश्वनाथ को साल 1977 में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप में 67 रनों के अंतर से दर्ज की अपनी दूसरी जीत



**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 14वें मुकाबले को 67 रन से अपने नाम किया। यह ऑस्ट्रेलिया की टी20 वर्ल्ड कप में रनों के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी जीत रही। इस टीम ने ब्रिजटाउन में टी20 वर्ल्ड कप 2010 में खेलते हुए श्रीलंका को 81 रन से मात दी थी। उसी साल ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिजटाउन के ही मैदान पर भारत के विरुद्ध 49 रन से जीत दर्ज की थी। साल 2022 में यह टीम ब्रिस्बेन में आयरलैंड के विरुद्ध 42 रन से जीत दर्ज कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ओमान के खिलाफ 39 रन से जीत हासिल की थी। बुधवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। कैमरून ग्रीन ने जोश इंगलिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 49 रन की साझेदारी की। इंगलिस ने 37 रन का योगदान टीम के खाते में दिया, जबकि कैमरून ग्रीन 11 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए। मैट रेनेशॉ ने मार्कस स्टोइनिस के साथ पांचवें विकेट के लिए 44 गेंदों में 61 रन जुटाते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। स्टोइनिस ने 29 गेंदों में 45 रन की पारी खेली, जबकि रेनेशॉ ने 37 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से मार्क अडायर ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 16.5 ओवरों में 115 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए जॉर्ज डॉकरेल ने 29 गेंदों में 41 रन की पारी खेली, जबकि लॉरेन टकर ने 24 रन जुटाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस ने 12 रन देकर 4 विकेट निकाले, जबकि एडम जांपा ने 23 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। एक विकेट मैथ्यू कुहनेमैन ने अपने नाम किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-बी की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। यह देश 13 फरवरी को अपना अगला मैच जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगा।

## अभिषेक शर्मा को मिली अस्पताल से छुट्टी, मैच के दिन खेलने पर फैसला होगाः तिलक वर्मा



**नई दिल्ली।** नामीबिया के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबले से पहले भारतीय टीम को बड़ी राहत मिली है। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को पेट में इन्फेक्शन की वजह से सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन अब उन्हें वहां से छुट्टी मिल गई है। हालांकि, अरुण जेटली स्टेडियम में नामीबिया के खिलाफ मैच में उनके खेलने पर फैसला मैच के दिन गुरुवार को लिया जाएगा। सूत्रों ने बुधवार को पहले ही बता दिया था कि अभिषेक शर्मा पेट में इन्फेक्शन की वजह से सोमवार से अस्पताल में थे, जिसकी वजह से मंगलवार शाम को अरुण जेटली स्टेडियम में ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा नहीं ले सके। इसके बाद असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की थी कि अभिषेक को पेट में इन्फेक्शन है। अभिषेक शर्मा के साथी खिलाड़ी तिलक वर्मा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा, जब हम दिल्ली पहुंचे, तो वह (अभिषेक) जांच के लिए अस्पताल गए। मुझे लगता है कि उन्हें बुधवार को छुट्टी मिल गई है, और वह ठीक हैं। हमारे पास मैच के लिए एक और दिन है। उम्मीद है, हम कल तक तय कर लेंगे कि वह कैसा महसूस कर रहे हैं, और हम उसके अनुसार चलेंगे। तिलक ने बताया कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पूरी तरह ठीक हैं, और उनका गुरुवार का मैच खेलना टीम मैनेजमेंट के फैसले पर निर्भर करता है।

# दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान मैच में शीर्ष पर रोमांच, दूसरे सुपर ओवर में हारी अफगान टीम




**अहमदाबाद।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 में अब तक का सबसे रोमांचक मुकाबला अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया। मैच में दोनों ही टीमें हार मानने को तैयार नहीं थीं। दो सुपर ओवर हुए और दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने 4 रन से जीत हासिल की। दूसरे सुपर ओवर में दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुए मिलर के 4 गेंद पर 16 और स्टब्स के 2 गेंद पर 7 रन की मदद से 23 रन बनाए थे। अफगानिस्तान ने शुरुआती 2 गेंदों में रन नहीं बनाए और मोहम्मद नबी का विकेट गंवा दिया। आखिरी 4 गेंदों में जीत के लिए 24 रन चाहिए थे। गुरबाज ने लगातार केशव महाराज को तीन छक्के मारे। एक वाइड गेंद भी आई। आखिरी गेंद पर 5 रन चाहिए थे। गुरबाज इस गेंद को बाउंड्री के बाहर नहीं भेज सके और आउट हो गए। दक्षिण अफ्रीका ने अंततः 4 रन से मैच जीत लिया। पहले सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने 17 रन बनाए थे। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने भी 17 रन बना दिए जिसके बाद दूसरा सुपर ओवर हुआ। मैच की बात करें तो 188 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी अफगानिस्तान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 42 गेंदों पर खेली गई इस पारी में गुरबाज ने 4 चौके और 7 छक्के लगाए। तेजी से शतक की तरफ बढ़ रहे गुरबाज को केशव महाराज ने जॉर्ज लिंडे के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। गुरबाज के अलावा शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चला। इब्राहिम जादरान 12, गुलबदीन नायब 0, सेदिकुल्लाह अटल 0, और रसूली 15 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी भी 5 रन बना सके।

## अर्थ ज्योति

## नए नोटों और सिक्कों का वितरण एवं विनिमय मेले का आयोजन




**जयपुर।** भारतीय रिज़र्व बैंक की स्वच्छ नोट नीति और नए नोटों की निर्बाध सार्वजनिक पहुँच सुनिश्चित करने के जनादेश के अनुरूप, आरबीआई जयपुर ने 11 फरवरी को राजस्थान भर में छोटे मूल्यवर्ग के नए नोटों और सिक्कों के वितरण एवं विनिमय मेले का आयोजन किया। इसका उद्देश्य नए छोटे मूल्यवर्ग के नोटों की सार्वजनिक पहुँच को बढ़ाना और फटे-पुराने नोटों को बाजार से हटाना था। इस आयोजन का लक्ष्य आम जनता को, विशेष रूप से विवाह समारोहों के दौरान, छोटे मूल्यवर्ग के नोट उपलब्ध कराना था। विशेष रूप से कम सुविधा वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी ये नोट उपलब्ध कराए गए। इस आयोजन में राजस्थान के सभी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं ने भाग लिया।

# सर्राफा बाजार में दिखी गिरावट, चांदी 1200 तक टूटी, सोना 660 सस्ता



**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट देखने को मिली। सोना 660 रुपये सस्ता होकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी 1200 रुपये गिरकर 2.62 लाख प्रति किलो पर आ गई। गुरुवार को चांदी की कीमतें चार प्रतिशत की तेजी के साथ 2.62 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोना की कीमतों में 1,957 रुपये का उछाल देखने को मिला। सोना 1.25त्न चढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

### घरेलू बाजार में सोने-चांदी की कीमत

पिछले दिन बुधवार को चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई और यह 4,000 रुपये उछलकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोने के भाव में भी मजबूती रही और यह 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गया।

### अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी का भाव

स्पॉट गोल्ड की कीमत मामूली गिरावट के साथ 5,080 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि स्पॉट सिल्वर 2 प्रतिशत लुढ़ककर 82.2 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। अमेरिकी श्रम बाजार के मजबूत आंकड़ों के बाद गुरुवार को एशियाई कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमतों में हल्की गिरावट दर्ज की गई। मजबूत जॉब डेटा से यह संकेत मिला है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती नहीं कर सकता, जिससे कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा है।

# संसद भवन में वित्त मंत्री से मिले आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा



**नई दिल्ली।** देश की आर्थिक नीतियों और मौद्रिक ढांचे के बीच तालमेल को मजबूत करने की दिशा में बुधवार को संसद भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब सरकार केंद्रीय बजट 2026-27 की प्राथमिकताओं और सुधारों को लेकर निवेशकों और उद्योग जगत के साथ सक्रिय संवाद कर रही है।

### संसद भवन में हुई अहम बैठक

वित्त मंत्री के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर इस मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए बताया कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने संसद भवन में वित्त मंत्री से मुलाकात की। हालांकि बैठक के विस्तृत एजेंडे का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन संसद के सत्र के दौरान केंद्रीय बैंक के प्रमुख और वित्त मंत्री की यह बैठक आर्थिक दृष्टिकोण से काफी अहम मानी जा रही है। इसी दिन, कॉरपोरेट मामलों के राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और सांसद (लोकसभा) कमलजीत सहरावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भी वित्त मंत्री से अलग से मुलाकात की।


### बजट 2026-27 की प्राथमिकताओं पर फोकस

इससे पहले सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के बोर्ड सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में बजट 2026-27 की दिशा के बारे में बताया। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक जुड़ाव को मजबूत करना और केंद्रीय बजट के परिणामों और मंशा को साझा करना था। वित्त मंत्री ने इस दौरान नीतिगत स्थिरता, विनिर्माण क्षेत्र के विकास और दीर्घकालिक निवेश को आकर्षित करने पर विशेष जोर दिया।

### उद्योग जगत को वित्त मंत्री ने क्या आश्वासन दिया है?

वित्त मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया है कि सरकार का व्यापक उद्देश्य एक ऐसा पूर्वानुमानित और स्थिर नीतिगत वातावरण तैयार करना है, जो व्यवसायों को लंबी अवधि के निवेश की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित कर सके। सीतारमण ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बजट सरकार की %निरंतरता, निश्चितता और पूर्वानुमान% की प्रतिबद्धता के बारे में बताता है। यह दृष्टिकोण निवेशकों को भारत की आर्थिक नीतियों पर भरोसा बनाए रखने में मदद करेगा और रणनीतिक सुधारों को तेज करेगा।

## आईपीओ में नया रिकॉर्ड संभव, चुनौतियों के बीच कंपनियां जुटा सकती हैं 2.50 लाख करोड़




**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता, देशों के बीच व्यापार समझौतों को लेकर हो रही देरी और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय बाजार में कंपनियां इस साल आईपीओ से रिकॉर्ड रकम जुटा सकती हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि कंपनियां 2026 में निर्गम से 2.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाएंगी, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 1.75 लाख करोड़ था। अनिश्चतताओं के बावजूद इस साल जनवरी से अब तक पांच कंपनियों ने आईपीओ से 8,806 करोड़ रुपये जुटाए हैं। पिछले साल की समान अवधि में 7 कंपनियों ने 6,113 करोड़ रुपये जुटाए थे। इस साल अब तक बड़े निर्गम में फ्रैक्टल ने 2,833 करोड़, शैडोफाक्स ने 1,907 करोड़, अमागी मीडिया ने 1,788 करोड़ और भारत कोकिंग ने 1,068 करोड़ जुटाए हैं।

# गोविंदा के रिप्लेस होने पर टूटी भागम-भाग की तिकड़ी,

**परेश रावल ने किया रिएक्ट, बोले- अक्षय-मनोज की जोड़ी...**



**कुछ दिनों** पहले ही यह खबर सामने आई थी कि 2006 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म भागम-भाग के सीक्वल से गोविंदा को रिप्लेस कर दिया गया है और उनकी जगह मूवी में मनोज बाजपेयी ने ले ली है। भागम-भाग के सीक्वल में लोगों को मनोज बाजपेयी और अक्षय कुमार की जुगलबंदी देखने को मिलेगी, इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर गोविंदा के फैंस बुरी तरह से भड़क गए थे और मनोज बाजपेयी को इस रोल के लिए अनफिट बताया था। गोविंदा के रिप्लेस होने पर अब इस फिल्म के मुख्य कलाकारों में से एक एक्टर परेश रावल ने रिएक्ट किया है। बॉलीवुड हंगामा से खास बातचीत में अभिनेता परेश रावल ने बताया कि वह भागम-भाग के सीक्वल में डबल रोल में दिखाई देंगे। इसके साथ ही उन्होंने मनोज बाजपेयी फिल्म का हिस्सा होंगे, इस खबर को भी कन्फर्म कर दिया है। गोविंदा और अक्षय की पेयरिंग ने तो सबको हंसाया था।

# साबुन की ब्रांड एंबेसडर बनकर विवादों में फंसी तमन्ना भाटिया

## बीजेपी सांसद बोले- कन्नड़ एक्ट्रेस क्यों...



**कर्नाटक** का प्रसिद्ध मैसूर चंदन साबुन (मैसूर सैंडल सोप), जो 108 साल पुराना है, अब दोबारा लॉन्च हो रहा है। इसी साबुन के लिए अब तमन्ना भाटिया को इसका ब्रांड एंबेसडर चुना गया है। जिससे कई राजनेता सहमत नहीं हैं।




### तमन्ना भाटिया बनीं ब्रांड एंबेसडर

मैसूर चंदन साबुन की कंपनी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। तमन्ना मुंबई में जन्मी हैं और मुख्य रूप से हिंदी-तेलुगु-तमिल फिल्मों में काम करती हैं। पिछले साल मई में उन्हें 6.2 करोड़ रुपये में दो साल के लिए यह कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। अब फरवरी 2026 में साबुन का नया लुक और पैकेजिंग के साथ रीलॉन्च हुआ है, जिसमें तमन्ना की तस्वीर वाला पोस्टर भी जारी किया गया।

### क्या है विवाद

तमन्ना को मैसूर चंदन साबुन का ब्रांड एंबेसडर बनाने के इस फैसले पर काफी विवाद हो रहा है। कई लोग, खासकर कन्नड़ समर्थक और राजनीतिक नेता कह रहे हैं कि कंपनी को कर्नाटक की किसी स्थानीय कन्नड़ अभिनेत्री को चुनना चाहिए था, जैसे रश्मिका मंदाना, पूजा हेगड़े, श्रीनिधि शेट्टी या राम्या। भाजपा के सांसद के. सुधाकर ने इसे कांग्रेस सरकार की कन्नड़ विरोधी सोच बताया और कांग्रेस को गद्दार पार्टी कहकर आलोचना की। उनका कहना है कि यह कर्नाटक की प्रतिभा और मैसूर साबुन की विरासत का अपमान है।


### एम.बी. पाटिल की राय

लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री एम.बी. पाटिल ने कहा कि यह फैसला मार्केटिंग एक्सपर्ट्स की सलाह से लिया गया है। कंपनी डिजिटल मार्केटिंग, निर्यात और नए प्रोडक्ट्स पर फोकस कर रही है ताकि ब्रांड को देश और दुनिया में बड़ा बनाया जा सके।

### क्या है कंपनी का लक्ष्य

यह कंपनी कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड की सरकारी कंपनी है। कंपनी उत्तर भारत में अपनी पहुंच बढ़ाना चाहती है और 2030 तक अपना सालाना कारोबार 5,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखती है।

# हनुमानजी की जन्मस्थली पहुंचे चंकी पांडे, विशेष पूजा-अर्चना





**अभिनेता चंकी पांडे** अपने मजाकिया अंदाज को लेकर दर्शकों के बीच खास पहचान रखते हैं। हाल ही में अभिनेता ने रामभक्त हनुमान की जन्मस्थली के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने लोकसभा सदस्य साक्षी महाराज से मुलाकात की। चंकी पांडे ने इस पवित्र यात्रा की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कीं। तस्वीरों में चंकी मंदिर में पूजा करते नजर आ रहे हैं। कुछ फोटोज में वे पंडित जी के साथ नजर आ रहे हैं, तो एक में वे साक्षी महाराज के साथ पोज देते हुए भी दिख रहे हैं। अभिनेता ने लिखा, जय हनुमान जी। नाशिक के अंजनेरी पहाड़ियों के पास स्थित हनुमान जी मंदिर में सुंदर दर्शन हुए। यह हनुमान जी की जन्मस्थली है। अभिनेता के पोस्ट शेयर करने के बाद उनके फैंस और इंडस्ट्री के कई लोगों ने कमेंट सेक्शन पर प्रतिक्रिया दी। कई यूजर्स ने हार्ट और फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। रामभक्त हनुमान की जन्मस्थली महाराष्ट्र के नासिक जिले में स्थित अंजेरी पहाड़ियों के पास स्थित है। यह जगह हनुमान भगवान की जन्मस्थली मानी जाती है। कहा जाता है कि यहीं पर माता अंजना ने पवनपुत्र को जन्म दिया था।

## अंकिता लोखंडे ने मां के जन्मदिन पर लुटाया प्यार



**टेलीविजन** की मशहूर अभिनेत्री अंकिता लोखंडे की मां मंगलवार को अपना जन्मदिन मना रही हैं। इस मौके पर अभिनेत्री ने मां के लिए खास अंदाज में इंस्टाग्राम पर मोंटाज वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपनी मां को ताकत और सबसे अच्छी दोस्त बताया।

## 15 साल की उम्र में जीता मिस आंध्र का खिताब, प्लेबॉय में फोटोशूट से मिली शोहरत



**हिंदी सिनेमा** में जहां सशक्त मुख्य भूमिकाओं के लिए अभिनेत्रियों की अहमियत बनी रही है, वहीं कुछ बोल्ड अभिनेत्रियों और मॉडलों ने भी अपनी अलग पहचान बनाई है। इन कलाकारों ने पारंपरिक अभिनय से इतर अपनी बेबाक छवि और बोल्ड प्रजेंटेशन के जरिए दर्शकों के बीच खास जगह बनाई। इसी कड़ी में नाम आता है शर्लिन चोपड़ा का, जो 11 फरवरी को अपना 38वां जन्मदिन मना रही हैं। आज भी वह ओटीटी मंचों पर सक्रिय हैं और अपने बोल्ड दृश्यों के कारण चर्चा में रहती हैं। मीडिया में भी उनकी मौजूदगी लगातार बनी रहती है, जिससे वह सुर्खियों में रहती हैं। कम ही लोग जानते हैं कि शर्लिन चोपड़ा को असली पहचान फिल्मों के जरिए नहीं, बल्कि मैग्जीन जगत से मिली। एक प्रतिष्ठित मैग्जीन में उनकी बोल्ड फोटोज ने उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई, जिसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी चर्चा का विषय बनीं।

### उनका इस्तेमाल किया जा रहा था...

# दिव्या भारती की मौत के सालों बाद उनके दोस्त ने किए कई चौंकाने वाले खुलासे; बोले-वो करियर से खुश थीं लेकिन...



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिव्या भारती ने अपने करियर की शुरुआत में ही वो सफलता हासिल की, जिसे हासिल करने में कई कलाकारों को सालों लग जाते हैं। एक्ट्रेस ने 13 हिंदी फिल्मों में काम किया था और कई ऐसी फिल्में थीं, जिनके काफी हिस्से की वो शूटिंग कर चुकी थीं, लेकिन उनकी अचानक मौत से वो फिल्में अधूरी रह गईं और बाद में अन्य एक्ट्रेसेस की झोली में गिरीं। दिव्या भारती ने साल 1992 में हिंदी फिल्मों में अपनी पहचान बनाना शुरू की थी और साल 1993 में उन्होंने इस दुनिका को अलविदा कह दिया। उनकी मौत की गुत्थी आज भी सुलझी नहीं है। उनके अचानक जाने ने न केवल फैंस को सदमा दे दिया था, बल्कि उनकी मौत को लेकर कई तरह की बातें भी सामने आईं। आधिकारिक तौर पर इसे एक हादसा बताया गया, लेकिन इसके पीछे आत्महत्या और हत्या की साजिश जैसी कई थ्योरीज सामने आईं, जो आज तक एक राज बनी हुई हैं। एक्ट्रेस के दोस्त राजू ने उनकी मौत के लगभग 33 सालों बाद उनकी जिंदगी से जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। चलिए आपको बताते हैं कि उन्होंने क्या कहा है? राजू श्रेष्ठ ने दिव्या भारती की पर्सनल लाइफ को लेकर कई चौंकाने वाली बातें कहीं। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि दिव्या राफी अरेली और दुखी थीं, वो अपनी पर्सनल लाइफ से बिल्कुल भी खुश नहीं थीं, वो अपने करियर में बेहद खुश थी, लेकिन निजी जिंदगी से परेशान थीं। राजू ने इन बातों की ज्यादा गहराई में न जाते हुए कहा कि अब इतने सालों बाद उनका नाम लेकर किसी तरह का विवाद खड़ा करना सही नहीं होगा।

दिव्या भारती से जुड़ी बातें करते हुए राजू ने ये भी कहा कि दिव्या को ऐसा महसूस होता था कि वो लगातार काम कर रही हैं और पैसे कमा रही हैं, लेकिन लोग उनके पैसों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और ये बात उन्हें बहुत परेशान करती थी। दिव्या भारती की मौत 5 अप्रैल, 1993 को उनके अपार्टमेंट की पांचवी मंजिल की खिड़की से गिरने से हुई थी और बाद में इसे एक हादसा बताया गया था हालांकि, इसके तार कई पहलुओं से जुड़े थे, लेकिन आज भी उनकी मौत से जुड़ी कई ऐसी बातें हैं, जो राज ही हैं। इंटरव्यू में राजू ने ये भी बताया कि दिव्या की मौत के बाद वो सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचे थे और सबसे आखिर में वो ही वहां से निकले थे।



## सीरियल में काम करने के खिलाफ थे माता-पिता, 8 महीनों तक नहीं की थी बात

# मिमी चक्रवर्ती

**बॉलीवुड,** बंगाली सिनेमा, टीवी और गायिका के तौर पर अपनी किस्मत आजमा चुकी बंगाली ब्यूटी मिमी चक्रवर्ती किसी से कम नहीं हैं। अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती राजनीति में जलवे दिखा चुकी हैं। अभिनेत्री का 11 फरवरी को 37वां जन्मदिन है। इस मौके पर हम आपको बताएंगे कि कैसे मिमी ने बिना अपने पेरेंट्स को बताए सिनेमा में कदम रखा और फिर आज तक पीछे मुड़कर नहीं देखा। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में जन्मी मिमी चक्रवर्ती के सपने बचपन से ही बड़े थे, और वे एक्ट्रेस देखने के सपने तब देख रही थीं, जब उन्हें ठीक से टीवी बॉक्स और सिनेमा के बारे में पता नहीं था। मिमी के माता-पिता नहीं चाहते थे कि उनकी बेटी कभी भी इंडस्ट्री का हिस्सा बने, और यही कारण था कि मिमी ने अपने पहले सीरियल की जानकारी भी माता-पिता को नहीं दी। मिमी ने गानेर ओपारे% से टीवी पर अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन उनके माता-पिता को प्रोमो रिलीज होने के बाद इस बात की खबर लगी थी कि मिमी पढ़ाई की जगह सीरियल में काम कर रही हैं। इस बात का खुलासा खुद मिमी ने किया था कि कैसे उनके पिता ने उनसे 7-8 महीनों तक बात नहीं की थी, लेकिन बाद में उनके सपनों को समझा। मिमी ने इंटरव्यू में कहा था, गानेर ओपारे का प्रोमो रिलीज होने के बाद अचानक से मां का फोन आया था और उन्होंने प्रोमो के बारे में पूछा। उस वक्त मैंने झूठ बोल दिया था कि प्रोमो में मैं नहीं कोई और है, लेकिन बाद में जब सारी चीजें खुलने लगीं, मम्मी और पापा दोनों को गुस्सा आया क्योंकि उनका कहना था कि पुणे पढ़ाई करने के लिए भेजा था, न कि शूटिंग के लिए। उस वक्त पापा ने 7-8 महीने तक मुझसे बात नहीं की थी। मिमी की बचपन से बॉलीवुड फिल्मों में काम करने की इच्छा थी, और जब उन्हें टीवी बॉक्स के बारे में पता नहीं था, तब से वे टीवी पर काम करने के सपने देख रही थीं।

### दृश्यम 3 में हुई साउथ के दिग्गज एक्टर की एंट्री

# अजय देवगन के साथ पहले भी दे चुका है ब्लॉकबस्टर



**दृश्यम 3** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड मूवीज में शुमार है। अजय देवगन की ये फिल्म बीते समय से लगातार सुर्खियां बटोर रही है। अब साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता की एंट्री के बाद दृश्यम 3 दोबारा से चर्चा में आ गई है। सस्पेंस थ्रिलर में जिस एक्टर की एंट्री हुई है वह पहले भी अजय के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचा चुका है। ऐसे में आइए जानते हैं कि वह कौन सा साउथ फिल्म कलाकार है, जो दृश्यम 3 में नजर आएगा।

### दृश्यम 3 में हुई इस एक्टर की एंट्री

जिस एक्टर के बारे में इस लेख में बात की जा रही है वह अजय देवगन के साथ सिंघम और गोलमाल अगेन जैसी सफल फिल्मों में नजर आ चुका है। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि वह साउथ फिल्म अभिनेता कोई और नहीं बल्कि प्रकाश राज हैं। प्रकाश ने मंगलवार को अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर ट्वीट कर इस बात का जानकारी दी है कि उन्होंने दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू कर दी है। इस दिलचस्प फ्रेंचाइजी दृश्यम 3 की हिंदी में शूटिंग शुरू कर दी है। एक शानदार टीम और एक शानदार रोल के साथ। मुझे यकीन है कि आपको यह पसंद आएगी। ध्यान देने वाली बात ये है कि मैं किसी को रिप्लेस नहीं कर रहा हूं। प्रकाश राज के इस बयान से साफ हो गया है कि उन्होंने अक्षय खन्ना को इसमें रिप्लेस नहीं किया है। हाल ही में दृश्यम 3 के मेकर्स ने इस बात का जानकारी दी थी कि धुरंधर की रिलीज से एक दिन पहले अक्षय ने फिल्म को छोड़ दिया था, जिसके लिए उन्होंने बीते नवंबर में करार साइन किया था। पहले दो भाग की अपार सफलता के बाद मेकर्स आने वाले समय में दृश्यम 3 के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे।

# आसमान छू रहीं दिलजीत दोसांझ के ऑरा वर्ल्ड टूर के टिकट की कीमतें

**11 हजार से हो रही शुरुआत**



**दिलजीत दोसांझ** अपनी हालिया रिलीज फिल्म बॉर्डर 2 की कामयाबी को लेकर खुश हैं। इस बीच पंजाबी सुपरस्टार ने नॉर्थ अमेरिका में अपना 2026 ऑरा वर्ल्ड टूर लॉन्च कर दिया है।

दिलजीत के 2025 एल्बम ऑरा के लिए टूर का एलान फरवरी की शुरुआत में किया गया था। इसमें बताया गया था कि टिकट की प्री-सेल 10 फरवरी से जबकि जनरल सेल 13 फरवरी से शुरू होंगी।

### इन जगहों पर होंगे कॉन्सर्ट

ऑरा वर्ल्ड टूर 23 अप्रैल, 2026 को वैंकूवर के बीसी प्लेस स्टेडियम से शुरू होगा। फिर कैलगरी, एडमोंटन, विनिपेग और टोरंटो समेत कई कनाडाई शहरों से होते हुए यूनाइटेड स्टेट्स जाएगा। अमेरिका में इसके स्टॉप में रोजमोंट, डलास, नैशविले, अटलांटा और न्यूयॉर्क शामिल हैं। 20 जून को सैन फ्रांसिस्को में इसका समापन होगा।

### कितनी है टिकटों की कीमत?

टूर के लिए टिकट की कीमतें शहर और जगह के हिसाब से बहुत अलग-अलग हैं। अभी की लिस्टिंग के मुताबिक, किआ सेंटर में ऑरलैंडो जैसे शो के लिए बेस प्राइस लगभग 11,500 रुपये से शुरू होती है। मैडिसन स्क्वायर गार्डन जैसी जगहों पर टिकट लगभग 26,000 रुपये के आस-पास मिल रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को में चेस सेंटर जैसे प्रीमियम शो के टिकट लगभग 23,241 के आस-पास मिल रहे हैं। टिकटों की यादा कीमत दिलजीत की जबरदस्त ग्लोबल पॉपुलैरिटी को दिखाती है। मुश्किल में श्रेयस तलपड़े! यूपी के मैनपुरी में दर्ज हुआ केस; इस मामले में पुलिस ने शुरू की जांच

### दिलजीत दोसांझ का वर्कफ्रंट

दिलजीत दोसांझ सिंगर, एक्टर और अभिनेता हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा के अलावा पंजाबी सिनेमा में भी काम किया है। दिलजीत ने साल 2003 में एल्बम इश्क दा उड़ा दा से सिंगिंग में डेब्यू किया। साल 2011 में उन्होंने फिल्म द लायन ऑफ पंजाब से अभिनय करियर की शुरुआत की। जल्द ही वह पंजाबी फिल्म पंजाब 95 में नजर आएंगे।

## बालवाटिका कम्युनिटी कार्यक्रम का आयोजन

सांध्य ज्योति न्यूज

**श्रीमाधोपुर।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर में बुधवार को प्रधानाचार्या मधु चौधरी की अध्यक्षता में बालवाटिका कम्युनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फरवरी माह में जन्म लेने वाले बालकों का जन्मदिन अभिभावकों की उपस्थिति में केक काटकर मनाया गया और बच्चों को उपहार प्रदान किए गए। अभिभावकों के लिए क्विज और पेंसिल बैलेंस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया गया। नव प्रवेशी बालकों को बैग, बॉक्स और शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर आशा मीणा ने गुड टच-बैडटच विषय पर जानकारी दी।


### सांध्य ज्योति दर्पण के संस्करण कार्यालय

**अलवर कार्यालय**
केडलगंज, अलवर,
संपादक सीपी सैनी
फोन : 2335105,

**नागौर कार्यालय**
राजकीय अस्पताल के सामने,
नागौर
सम्पादक : रमेश जैन,
फोन : 240071,
फैक्स- 01582-240071

**भरतपुर कार्यालय**
कोतवाली रोड, भरतपुर
संपादक : जगदीश अग्रवाल,
फोन : 223780

### सूचना

जयपुर के आसपास के क्षेत्र में समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए एजेंट/ एजेंसी संपर्क करें।

**पदमाकर शर्मा**
**मो.** 9462779250, 8875007955

आपके क्षेत्र की समस्या या कोई घटना जिससे जनता प्रभावित हो रही हो ऐसे समाचार आप छपवाना चाहते हैं तो निम्न पते पर भिजवायें या फैक्स, ईमेल करें।

**सम्पादकीय शाखा**
दैनिक सांध्य ज्योति दर्पण
डी.एल.टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम,
संस्थानिक क्षेत्र,
जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर
फोन: 2709102/03,
फैक्स: 2709275
**ईमेल:** sjdjp01@yahoo.co.in
Jyoti.sandhya@gmail.com

### आवश्यक सूचना

*आप अपने क्षेत्र के समाचार / विज्ञापन के लिए हमारे क्षेत्रीय प्रतिनिधि से सम्पर्क करें :*

**जयपुर**
**अमित पारीक**
10/75, चित्रकूट,
वैशाली नगर, जयपुर
मो.- 9829055693

**उदयपुर**
**कलाधर शर्मा**
मो. : 9983826983

**दौसा**
**द्वारका प्रसाद विजय**
मो.: 9414819681

**कोटा**
**योगेन्द्र योगी**
मो. : 9887292174

**चौमूं**
**मनीष यादव**
मो. : 9667902742,
7014880612

**रींगस/ खाटूश्यामजी**
**विद्याधर शर्मा**
मो. : 9413072455

**कोटपुतली**
**मयंक शर्मा**
मो. : 9352106400

**लक्ष्मणगढ़**
**पूनम विशाल**
मो. : 9351274354

**मण्डावर (दौसा)**
**राहुल जोशी**
मो. : 8561935868

**चाकसू**
**रूपनारायण सांवरिया**
मो. : 6376888905

**धौलपुर**
**वेदप्रकाश त्यागी**
मो. : 9351845611


# संत महात्माओं के सानिध्य में हुआ 252 फीट लड्डू गोपाल प्रतिमा स्थापना के नींव का मुहूर्त

## सैकड़ो संत महात्मा व हजारों श्रद्धालु बने इस ऐतिहासिक पहल के साक्षी

सांध्य ज्योति न्यूज

**विद्याधर शर्मा/ खाटूश्यामजी।** कस्बे की प्रसिद्ध बाबा श्याम की धार्मिक नगरी में खाटूधाम के हनुमानपुरा रोड़ स्थित श्री गणराज ग्रुप द्वारा विकसित नंद धाम परिसर में विश्व की सबसे ऊंची 252 फीट अष्टधातु से निर्मित लड्डू गोपालजी की भव्य प्रतिमा के निर्माण की नींव का मुहूर्त लगाया गया। शुभ मुहूर्त में महंत श्याम दास त्यागी महाराज, महंत शनत कुमार शरण महाराज, हीरा पुरी महाराज, बलदेवाचार्य महाराज, मनोहर शरण दास महाराज पलसाना, महंत ओम दास महाराज सांगलिया पीठ, भजन सम्राट एवं संत प्रकाश दास महाराज सहित सैकड़ों साधु-संतों के सानिध्य में विधिवत नींव पूजन संपन्न हुआ।





साधु-संतों के सानिध्य में विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नींव पूजन संपन्न हुआ। नींव पूजन के पश्चात विशाल संत समागम का आयोजन किया गया जिसमें देश के विभिन्न संत-महात्माओं ने सहभागिता निभाई। संतों के प्रवचनों और भजनों से पूरा परिसर भक्तिरस में सराबोर हो गया। संत-महात्माओं ने अपने उद्बोधनों में कहा कि लड्डू गोपालजी की यह दिव्य प्रतिमा सनातन संस्कृति, बाल स्वरूप की भक्ति और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक बनेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, संस्कार और भक्ति का प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी। साधु-संतों ने यह भी कहा कि नंदधाम परिसर में निर्मित हो रही यह विश्व की सबसे ऊंची लड्डू गोपालजी प्रतिमा खाटूश्यामजी को केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी वैश्विक पहचान दिलाएगी।

आयोजकों के अनुसार नंदधाम और लड्डू गोपालजी की यह अलौकिक प्रतिमा खाटूधाम को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करेगी। गणराज ग्रुप के सीईओ राजेंद्र सांखला, भारत सांखला एवं ग्रुप के सदस्य मदन सिंह गोगावास, डॉ नरेंद्र सोनी, प्रभु सिंह शेखावत सहित सभी सदस्यों ने माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर एवं लड्डू गोपाल का प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत सम्मान किया गया। संत समागम के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-समाज और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## राजेश पायलट की जयंती: दिव्यांग सामग्री वितरण शिविर में शामिल हुए डॉ सुमीत गर्ग




सांध्य ज्योति न्यूज

**सवाई माधोपुर।** राजेश पायलट जी की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट के नेतृत्व में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय दिव्यांग सामग्री वितरण शिविर में राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं महासचिव डॉ सुमीत गर्ग भी सम्मिलित हुए। डॉ गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर सचिन पायलट एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संस्थापक पद्मश्री डॉ. डी. आर. मेहता भी मौजूद रहे। डॉ गर्ग ने कहा कि राजेश पायलट जी की जयंती के अवसर पर यह आयोजन केवल सामग्री वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांग जनों को आत्मनिर्भर, सशक्त बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की एक सशक्त पहल है। ऐसे मानवीय और संवेदनशील प्रयास निश्चय ही समावेशी समाज की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

## जनकल्याण और सुरक्षित भविष्य का बजट : डॉ. हेमलता गुप्ता



सांध्य ज्योति न्यूज

**हिंडौन सिटी।** राजस्थान बजट 2026 पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता डॉ. हेमलता गुप्ता ने इसे जनस्वास्थ्य, सुरक्षा और शहरी विकास को समर्पित ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि लावारिस व विमंदित रोगियों के लिए बिना दस्तावेज मुफ्त इलाज की व्यवस्था मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करेगी और जरूरतमंदों को समय पर उपचार मिलेगा। हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर टेली एक्स थ्रांबोसिस केंद्र की स्थापना से हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों में त्वरित इलाज संभव होगा और अनमोल जानें बचेंगी। डॉ. गुप्ता ने हाईवे पर दुर्घटना या आपात स्थिति में नजदीकी अस्पताल की जानकारी के लिए 24 घंटे कमांड सेंटर को बेहद उपयोगी बताया। साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस धारकों के लिए सीपीआर प्रशिक्षण को अनिवार्य करना एक दूरदर्शी निर्णय है। उन्होंने हिंडौन सिटी में खाली नाले के विकास हेतु 71 करोड़ रुपये और 900 स्ट्रीट लाइट की घोषणा को शहर की स्वच्छता व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## अग्रवाल समाज ने डीआरएम का किया स्वागत



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले की तैयारियां के निरीक्षण को आये उत्तर पश्चिम रेलवे के डीआरएम का अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने उत्तर पश्चिम रेलवे मंडल जयपुर के डीआरएम रवि जैन का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक रूप से स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान महेश कुमार गुप्ता ने समाज के लोगों से डीआरएम का परिचय कराया तथा रींगस स्थित श्री श्याम मंदिर की महिमा एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाबा श्याम की नगरी देश-विदेश में श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है।इस मौके पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार काबरा, निवर्तमान पार्षद महेश कुमार गुप्ता, ज्ञानप्रकाश प्रहलादका, राकेश राईका, सुरेंद्र राईका, मुकेश कुमार, नितिन गुप्ता सहित समाज के कई पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को मनाया समर्पण दिवस



सांध्य ज्योति न्यूज

**रींगस।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शहर के सीताराम जी मंदिर के समीप स्थित बावड़ी वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष विशाखा कुमावत ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी का जीवन सादगी और राष्ट्र सेवा का अनुपम उदाहरण है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, पूर्व मण्डल महामंत्री दीपक बाजिया, पूर्व पार्षद विष्णु गंगावत एवं विष्णु चुलेट ने पंडित जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए गए अंत्योदय के मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाया जा सकता है। वक्ताओं ने सभी कार्यकर्ताओं से उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने पार्षद दीपा गंगावत द्वारा बावड़ी के जीर्णोद्धार, सघन वृक्षारोपण, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना एवं मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए किए गए कार्यों का अवलोकन किया। कार्यकर्ताओं ने इन विकास कार्यों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल बताते हुए पार्षद की जमकर सराहना की। इस दौरान मण्डल महामंत्री रोशन सितमका, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कोरखन्या, वरिष्ठ कार्यकर्ता मूलचंद जांगिड़, उपेंद्र पारीक, अरुण बावड़ीका, महेंद्र बावलिया, ओमप्रकाश शर्मा, बाबूलाल छीपा, संजय चोमूवाल, श्याम अग्रवाल, राजू, भगवान सहाय, रामवतार मंडोला एवं मालीराम कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## राहुल गर्ग के पुत्र के जन्मदिन पर जुटे भाजपा नेता




सांध्य ज्योति न्यूज

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी के पूर्व विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर अपने कार्यालय सहायक राहुल गर्ग के पुत्र के जन्मदिन समारोह में शामिल हुए। समारोह में निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नन्हे बालक को उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यकर्ताओं ने इसे संगठनात्मक आत्मीयता का प्रतीक बताते हुए कहा कि पार्टी परिवार की खुशियों में सहभागी होना भाजपा की परंपरा रही है। समारोह में अतिथियों का स्वागत कर आभार भी व्यक्त किया।

## पुलवामा शहीदों को नमन, खाटूश्यामजी में एनएसयूआई के नेतृत्व में रैली, कैंडल मार्च आज व विशाल रक्तदान शिविर कल

सांध्य ज्योति न्यूज

**खाटूश्यामजी।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों की स्मृति में एनएसयूआई नगर पालिका एवं छात्र संगठन खाटूश्यामजी की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत श्रद्धांजलि रैली, कैंडल मार्च तथा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 12 फरवरी को विशाल श्रद्धांजलि रैली से होगी। यह रैली सायं 3 बजे से 5 बजे तक लामिया तिराहा स्थित 11 दुकान से प्रारंभ होकर अलोदा रोड तक निकाली जाएगी। रैली में युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों द्वारा शहीदों को नमन किया जाएगा। इसी क्रम में कैंडल मार्च का आयोजन कर शहीद वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक शामिल होंगे।श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के अंतर्गत 13 फरवरी शुक्रवार को एन एसयूआई नगर पालिका छात्र संगठन खाटूश्यामजी के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है।शिविर में युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान देने की अपील की गई है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश नागा सहित संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन शहीद जवानों के बलिदान को स्मरण करते हुए देशभक्ति, एकता और सामाजिक सरोकार का संदेश देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रमों में भाग लेकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का आह्वान किया है।

## गोयनका कॉलेज ऑफ फार्मेसी में खेल सप्ताह का शुभारम्भ



सांध्य ज्योति न्यूज

**लक्ष्मणगढ़।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गोयनका शिक्षा एवं शोध संस्थान की इकाई गोयनका कॉलेज ऑफ फार्मेसी में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच खेल सप्ताह का विधिवत शुभारंभ किया गया। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. गिरीश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. एन. रविन्द्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस खेल सप्ताह के दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कैरम एवं दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें कॉलेज की विभिन्न टीमों के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। प्रथम दिवस खेले गए क्रिकेट मुकाबलों में बी. फार्मेसी चतुर्थ सेमेस्टर की टीम ने बी. फार्मेसी षष्ठ सेमेस्टर की टीम को पराजित किया, जबकि दूसरे मुकाबले में बी. फार्मेसी प्रथम सेमेस्टर की टीम ने डी. फार्मेसी प्रथम वर्ष की टीम पर विजय प्राप्त की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में डी. फार्मेसी प्रथम वर्ष की टीम ने बी. फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर की टीम को हराया, वहीं दूसरे मुकाबले में डी. फार्मेसी द्वितीय वर्ष की टीम ने बी. फार्मेसी अष्टम सेमेस्टर की टीम को पराजित किया। इस अवसर पर डॉ. विजय शर्मा, डॉ. सुधीर कुमार, सीताराम स्वामी, सुनील कुमावत, डॉ. दीपिका, सोनू कुमार, कंचन शर्मा, विशाखा भाटी, कुणाल पारीक, अंकित कुमावत, अभिनव पाराशर, मधुसूदन एवं महेंद्र वर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## धर्मेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष नियुक्त



सांध्य ज्योति न्यूज

**उदयपुर।** अखिल राजस्थान चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष नारायण सिंह शेखावत व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अजय पुनिया ने आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के फार्मासिस्ट धर्मेंद्र कुमार को महासंघ का उदयपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। फार्मासिस्ट एसोसिएशन सदस्यों व कर्मचारियों ने धर्मेंद्र कुमार का स्वागत अभिनंदन किया एवं सभी ने महासंघ के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष का आभार जताया। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट एसोसियेशन कार्यकारी अध्यक्ष जतिन नायक, कोषाध्यक्ष संपत जाट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कारण सिंह मीणा, प्रशांत सोनी सीनियर फार्मासिस्ट, भारत पारीक, चंद्रभान झाला, अंकिता माथुर, नीतू नागपाल, प्रियंका लोकवानी, लाविना मिश्रा,मनीष भावसार, दीपक चौहान, हेमंत शर्मा , मदन माली, कमल आमेटा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर हेमंत आमेटा , कपिल , जितेश वैष्णव, सुमित, आनंद चौबीसा व अन्य साथी उपस्थित थे।

## विकसित राजस्थान-2047 के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट: रामलाल शर्मा



सांध्य ज्योति न्यूज

**चौमूं।** राजस्थान सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास और 8 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली को समर्पित वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विकास पुरुष विधायक रामलाल शर्मा ने बजट प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारते हुए, उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भर राजस्थान की नींव को मजबूत करने वाला एक गारंटी कार्ड है। यह सर्वस्पर्शी बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का आधार बनेगा। सरकार एक ऐसे समृद्ध राजस्थान की नींव रख रही हैं जहाँ विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा। बजट घोषणा में विधानसभा क्षेत्र चौमूं के लिए श्री मालेश्वर नाथ जी मंदिर की सड़क निर्माण के लिए 4 करोड़ सहित अन्य सड़कों के निर्माण के लिए 5.80 करोड़ रूपये और 220 केवी जीएसएस निर्माण कार्य - मंडा ( चौमू ), 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कार्य - सामोद ( चौमू ), चौमू में नवीन औद्योगिक पार्क की स्थापना करने की घोषणा की गई है। इसके साथ साथ यह बजट केवल वित्तीय लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राज्य के गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता (किसान) के उत्थान का एक ठोस रोडमैप है। सरकार का स्पष्ट विजन है।

## मिथ्या दृष्टि नहीं, सम्यक दृष्टि बनें निर्यापक मुनि योग सागर महाराज



सांध्य ज्योति न्यूज

**कोटा।** पुण्योदय अतिशय क्षेत्र , नसिया जी दादाबाड़ी के अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रातः 9 बजे, ज्येष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक मुनि 108 योग सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज की भक्ति-भाव से पूजा संपन्न हुई। उपाध्यक्ष श्री सुमित सैंन्की ने बताया कि तत्पश्चात पुण्यार्जक परिवार - पदम , राजेंद्र , हुकम काका, प्रकाश हरसौरा परिवार द्वारा आचार्य श्री के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं शास्त्र भेंट किया । इसके पश्चात 21 श्रेष्ठी परिवारों द्वारा महा मुनिराज निर्यापक मुनि 108 श्री योग सागर जी महाराज एवं मुनि 108 श्री निर्मोह सागर महाराज को शास्त्र भेंट किए गए। शुभम शास्त्री ने बताया कि धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक मुनि 108 श्री योग सागर महाराज ने कहा कि इस त्रिलोक में मिथ्या दृष्टि जीव असंख्य हैं, जो अवगुणों को भी गुण समझ लेते हैं। पराई वस्तु भी उन्हें अपनी प्रतीत होती है और दूसरों पर दोषारोपण करना वे अपनी शान मानते हैं। एक उदाहरण देते हुए आपने कहा कि रावण पराक्रमी और महाज्ञानी होते हुए भी दृष्टि में विसंगति आने से पतन को प्राप्त हुआ। आपने कहा कि हमें सम्यक दृष्टि बनने का प्रयास करना चाहिए, जहाँ अपना सो अपना, तेरा सो तेरा की भावना हो और किसी पर हावी होने की प्रवृत्ति न हो। आज हम राग-द्वेष में जी रहे हैं, जबकि इससे दूर रहना ही आत्मकल्याण का मार्ग है। धर्म-ध्यान भी कर्मों के उदय से ही प्राप्त होता है; परिणामों को शुद्ध कर कर्मों पर विजय प्राप्त करना ही साधना का लक्ष्य है।

## नरेश शर्मा राष्ट्रीय महासचिव एवं मनीष तिवारी राष्ट्रीय सचिव मनोनीत





सांध्य ज्योति न्यूज

**उदयपुर।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की सर्वोच्च संस्था अखिल भारत वर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी व प्रधानमंत्री प्रधुमन जोशी ने उदयपुर निवासी नरेश शर्मा को राष्ट्रीय महासचिव एवं मनीष तिवारी को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। आप दोनों विगत कई वर्षों से महासभा से जुड़े हुए है एवं समाज सेवा में अनवरत लगे हुए है। इसी के साथ नरेंद्र त्रिपाठी राष्ट्रीय प्रचार मंत्री एवं धरनीधर तिवारी राष्ट्रीय सचिव, विनोद क्षोत्रिय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए है।




## अजमेर में वार्ड पंच ने सरपंच-ग्रामीणों पर चढ़ाई बोलेरो

**अजमेर, 12 फरवरी।** अजमेर जिले के मांगलियावास थाना क्षेत्र के डुमाडा गांव में बुधवार को सार्वजनिक रास्ते में अतिक्रमण का विरोध कर रहे ग्रामीणों पर वार्डपंच के परिजनों ने बोलेरो चढ़ा दी। जिससे पूर्व सरपंच गोविंद राम गुर्जर सहित तीन अन्य ग्रामीण घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के समय पूर्व सरपंच गोविंदराम समेत ग्रामीण मौके पर अतिक्रमण कर रहे छगन पुत्र हजारी गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि गुरुदयाल गुर्जर तथा उसके पक्ष के साथ रास्ता रोके जाने पर ग्रामीण समझाइश कर रहे थे। इसी दौरान छगन गुर्जर ने फोन कर अपने परिवार के लोगों को बुला लिया। छगन गुर्जर के परिवार के गोपाल और परमेश्वर एक बोलेरो में सवार होकर आए और समझाइश के लिए मौके पर खड़े पूर्व सरपंच गोविंद राम गुर्जर और ग्रामीणों पर बोलेरो चढ़ा दी। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। बोलेरो चढ़ाने से गोविंद गुर्जर के दोनों हाथ फैक्चर हो गए रीड की हड्डी, पसलियां टूट गई, सिर में चोट पहुंची, वहीं कान में टांके आए। उन्हें गंभीर रूप से घायल अवस्था में इलाज के लिए अजमेर के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल पहुंचाया।

## देश में महिलाओं का औसत वेतन पुरुषों से 25 प्रतिशत कम

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)।** देश में औसत महिला वेतनभोगी कर्मी की आय, औसत पुरुष वेतनभोगी कर्मचारी से लगभग 25 प्रतिशत कम है। भारत में भी वेतनभोगियों का हिस्सा बढ़ रहा है, पर अब भी ये 23त्न ही है। देश में नौकरीपेशा की औसत मासिक आय अन्य काम करने वालों के मुकाबले ज्यादा है। 2024 में एक औसत वेतनभोगी कर्मचारी की मासिक आय करीब 21 हजार रही, जबकि स्वरोजगार वाले की 13,200 और अस्थायी या दिहाड़ी श्रमिकों की 9 हजार थी। यूं तो 2012 से 2024 के बीच नौकरीपेशा का औसत वेतन 90 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन महंगाई के साथ जोड़ें तो वेतन 4 प्रतिशत घटा है।

## बेटे ने पिता की लकड़ी से पीट-पीटकर की हत्या

**कोटा, 12 फरवरी।** बूंदी में घरेलू विवाद ने पिता की जान ले ली। कलयुगी बेटे ने लाठियों से पीट-पीट कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। घटना केशोरायपाटन थाना क्षेत्र के गांव सोड़ेला में मंगलवार रात करीब 8 बजे के आसपास की है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, पिता और बेटे के बीच घर पर किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। झगड़े के दौरान बेटे लेखराज ने लकड़ी से अपने पिता राम रतन के सिर पर वार कर दिया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल राम रतन को आसपास के लोगों की मदद से केशोरायपाटन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर उन्हें कोटा के एमबीएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। एमबीएस अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई।

# जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती गांव में मिला पाकिस्तानी एयरलाइंस का गुब्बारा

## सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में एक बार फिर संदिग्ध गतिविधि देखने को मिली है। बुधवार को कठुआ जिले के एक सीमावर्ती गांव में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस के लोगो वाला एक गुब्बारा बरामद हुआ है। इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है। पिछले साल, जम्मू शहर में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस के लोगो वाला ऐसा ही एक संदिग्ध हवाई जहाज के आकार का गुब्बारा मिला था। अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के पास जम्मू, कठुआ, सांबा, राजौरी और पुंछ जिलों में इस तरह के गुब्बारे मिलना अब एक नियमित लेकिन चिंताजनक घटना बन गई है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि सफेद और केसरिया रंग का पाकिस्तानी गुब्बारा जम्मू के नई बस्ती इलाके



में मिला था और उस पर हरे रंग से 'पीआईए' लिखा था। ध्यान दें कि इंटरनेशनल बॉर्डर के पार पाकिस्तान की तरफ से हवा में छोड़े गए गुब्बारे समय-समय पर जम्मू, कठुआ और सांबा जिलों में बॉर्डर के पास पाए गए हैं। कई बार, राजौरी और पुंछ जिलों में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास भी ऐसी संदिग्ध चीजें मिली हैं। गुब्बारों के अलावा, पाकिस्तानी सेना की मदद से बॉर्डर पार से काम करने वाले आतंकी संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को सपोर्ट करने के लिए हथियार, ड्रग्स और कैश ले जाने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया है। कई मामलों में, इन ड्रोन को आतंकवादियों या ओवरग्राउंड वर्कर्स द्वारा उनके पेलोड उठाए जाने से पहले ही ज़मीन पर बरामद कर लिया गया है।

### भारतीय सेना ने कई ड्रोन मार गिराए

खुफिया एजेंसियों का कहना है कि कुछ ड्रोन का खास मकसद आतंकवाद को बनाए रखना है, लेकिन पाकिस्तानी निशान वाले गुब्बारों का मकसद सुरक्षा बलों का ध्यान भटकाना और आम नागरिकों में दहशत फैलाना माना जाता है। सेना ने ऐसे कई ड्रोन भी मार गिराए जब उन्हें श्रीनगर शहर में आसमान में उड़ते देखा गया। इस बीच, भारत ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य में भारतीय ज़मीन पर होने वाले किसी भी आतंकी हमले को पाकिस्तान युद्ध की कार्रवाई मानेगा।

## कैरियर मंत्र



**- डॉ. गोरधन लाल शर्मा**
*राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त लेखक, समाजशास्त्री एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी।*

### साइबर सुरक्षाः डिजिटल युग की अनिवार्यता

**व्यक्तिगत** और रणनीतिक मामलों में गोपनीयता हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। पहले दस्तावेज़ों को बंद अलमारियों और तालों में सुरक्षित रखा जाता था, लेकिन इंटरनेट के आगमन ने सब कुछ बदल दिया। इंटरनेट ने तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाया, साथ ही नए खतरे भी पैदा किए। रिवर्स इंजीनियरिंग, हैकिंग और फिशिंग जैसे हमलों ने साइबर सुरक्षा को एक नए उद्योग के रूप में जन्म दिया। साइबर सुरक्षा कंप्यूटर, नेटवर्क और डेटा को अनधिकृत पहुंच से बचाने की तकनीक है। वैश्विक डिजिटल दुनिया हमेशा से साइबर हमलों और डेटा उल्लंघनों के प्रति संवेदनशील रही है, जिससे पेशेवरों की मांग लगातार बढ़ रही है।

एक्सेंचर की रिपोर्ट स्टेट ऑफ साइबर सिक्योरिटी रेजिलिएंस 2021 के अनुसार, साइबर हमलों में साल-दर-साल 125त्न वृद्धि दर्ज की गई है। अनुमान है कि 2025 तक साइबर अपराध से निपटने में सालाना 10.5 ट्रिलियन डॉलर की लागत आएगी और 2030 तक साइबर सुरक्षा बाजार 478.68 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस कारण साइबर सुरक्षा आज एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

साइबर सुरक्षा पेशेवरों की जिम्मेदारियों में हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की सुरक्षा का मूल्यांकन, जोखिमों को नियंत्रित करने की रणनीति बनाना और नई प्रणालियों का परीक्षण शामिल है। इस क्षेत्र में प्रवेश के लिए कंप्यूटर विज्ञान, गणित या इंजीनियरिंग में डिग्री उपयोगी है, साथ ही कॉम्पीटिया, सिक्योरिटी+, सिस्को नेटवर्क एसोसिएट, सर्टिफाइड एथिकल हैकर और सीआईएसएसपी जैसे प्रमाणन पाठ्यक्रम भी महत्त्वपूर्ण हैं।

साइबर सुरक्षा करियर में नेटवर्क सिक्योरिटी इंजीनियर, सुरक्षा विश्लेषक, सुरक्षा वास्तुकार, प्रबंधक, सलाहकार और डिजिटल फोरेंसिक विश्लेषक जैसी भूमिकाएं शामिल हैं। इसके अलावा विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान, उत्साह और सीखने की क्षमता जैसी सॉफ्ट स्किल्स भी आवश्यक हैं।

संक्षेप में, बढ़ते साइबर खतरों के बीच साइबर सुरक्षा न केवल संगठनों के लिए बल्कि व्यक्तियों और सरकारों के लिए भी सर्वोपरि आवश्यकता बन चुकी है। यह क्षेत्र न केवल सुरक्षित डिजिटल भविष्य की गारंटी देता है बल्कि युवाओं के लिए आकर्षक करियर अवसर भी प्रस्तुत करता है।

# जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब का 'ग्लोबल लीक'!

## दिल्ली पुलिस ने शुरू की अंतरराष्ट्रीय जांच

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)।** पूर्व थल सेना प्रमुख (आर्मी चीफ) जनरल एम.एम. नरवणे की यादों पर आधारित किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' एक बड़े कानूनी और राजनीतिक विवाद के केंद्र में आ गई है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच तेज कर दी है। आरोप है कि रक्षा मंत्रालय से अनिवार्य मंजूरी मिलने से पहले ही यह किताब वैश्विक डिजिटल बाजारों में उपलब्ध हो गई थी।

मंगलवार को, दिल्ली पुलिस ने लीक के सिलसिले में क्रिमिनल साज़िश के आरोपों के तहत एक स्न्ढ्ढक्र दर्ज की। यह कदम इंडिया टुडे डिजिटल द्वारा उठाए गए सवालों के बाद उठाया गया कि एक अनपब्लिश्ड किताब कांग्रेस लीडर राहुल गांधी तक कैसे पहुंची। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह लीक कोई अलग-थलग पायरेसी का काम नहीं था, बल्कि एक प्लांड और कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन था जिसमें डिफेंस से जुड़े पब्लिकेशन के लिए ऑफिशियल मंज़ूरी प्रोसेस को बायपास किया गया था। जांच करने वाले अब रु, कनाडा, जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया में डिजिटल और फाइनेंशियल ट्रेल्स को ट्रैक कर रहे हैं, जहां किताब को कथित तौर पर ऑफिशियल मंज़ूरी से पहले ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया था। अनपब्लिश्ड मेमॉयर पर विवाद कम होने का नाम नहीं ले रहा है, एक हफ़्ते पहले गांधी ने पार्लियामेंट में इसे कोट करने की कोशिश की थी, जिससे एक बड़ा पॉलिटिकल तूफान खड़ा हो गया था। किताब के पब्लिशर, पेंगुइन इंडिया ने साफ़ किया है कि मेमॉयर कभी पब्लिश नहीं हुआ था और इसकी कोई ऑथराइज़्ड कॉपी मौजूद नहीं है।

### मंज़ूरी से पहले ग्लोबल सर्कुलेशन

इन्वेस्टिगेटर्स ने पाया है कि नरवणे के मेमॉयर का लीक हुआ वर्शन न सिर्फ इंटरनेशनल लेवल पर सर्कुलेट हुआ था, बल्कि सबसे पहले इसे विदेशी मार्केट में ऑनलाइन भी अवेलेबल कराया गया था। US, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में ऑपरेट करने वाले प्लेटफ़ॉर्म पर ऑनलाइन सेल्स का पता चला। सोर्सेज़ ने कहा कि लीक हुए मटीरियल का पहला अपलोड डोमेन एक्सटेंशन का इस्तेमाल करने वाली एक वेबसाइट पर ट्रेस किया गया था – यह एक कंट्री कोड टॉप-लेवल डोमेन है जो ओरिजिनली ब्रिटिश इंडियन ओशन टेरिटरी को असाइन किया गया था और टेक प्लेटफ़ॉर्म और स्टार्टअप्स द्वारा बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जाता है। इसके बाद कंटेंट को कई होस्टिंग प्लेटफ़ॉर्म पर मिरर किया गया।

## आगामी महत्वपूर्ण आयोजनों से पहले सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)।** कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वी के बर्डी ने बुधवार को घाटी में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आगामी कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के मद्देनजर बर्डी ने पुलिस नियंत्रण कक्ष में संयुक्त सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि बैठक में जम्मू-कश्मीर पुलिस, खुफिया एजेंसियों, सेना, रेलवे और कश्मीर जोन में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अधिकारी ने बताया कि आईजीपी ने आगामी आयोजनों के लिए तैयारियों और समन्वय उपायों का जायजा लिया। आईजीपी वी.के. बर्डी ने आगामी आयोजनों के लिए तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

# मजदूरों-किसानों की आवाज नज़रअंदाज

## राहुल का केंद्र पर हमला

### श्रम संहिताओं और व्यापार समझौतों पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 12 फरवरी (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नई श्रम संहिताओं और अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों के कारण देश के मजदूरों और किसानों का भविष्य अंधकार में है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि क्या वे जनता की आवाज़ सुनेंगे या उन पर किसी बाहरी ग्रिप (पकड़) का प्रभाव बहुत मजबूत है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चार श्रम संहिताओं का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मजदूरों और किसानों के भविष्य को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मजदूरों और किसानों की सुनेंगे या उन पर किसी ग्रिप की पकड़ बहुत मज़बूत है? राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, आज देश भर में लाखों मजदूर और किसान अपने हक़ की आवाज़ बुलंद करने के लिए सड़कों पर हैं। मजदूरों को डर है कि चार श्रम संहिताएं उनके अधिकारों को कमजोर कर देंगी। उनके मुताबिक, किसानों को आशंका है कि (अमेरिका के साथ किया गया) व्यापार समझौता उनकी आजीविका पर चोट करेगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''मनरेगा को कमजोर या खत्म करने से गांवों का आख़िरी सहारा भी छिन सकता है। जब उनके (मजदूरों और किसानों के) भविष्य से जुड़े फैसले लिए गए, तब उनकी आवाज़ को नज़रअंदाज़ कर दिया गया।'उन्होंने सवाल किया कि क्या मोदी जी अब सुनेंगे या उन पर किसी ग्रिप की पकड़ बहुत मज़बूत है? राहुल गांधी ने कहा, मैं मजदूरों और किसानों के मुद्दों और उनके संघर्ष के साथ मजबूती से खड़ा हूं।

## कोटा में बारात से लौट रहे युवक की मौत

### तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक को मारी टक्कर

**कोटा, 12 फरवरी।** कोटा के अनंतपुरा थाना इलाके में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक का गंभीर हालत में हॉस्पिटल में इलाज जारी है। दोनों युवक बारात में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिजनों को सौंप दिया। अनंतपुरा थाना स्ह्र कमल किशोर ने बताया की पवन वर्मा व विक्रम 10 फरवरी को बारात में जगपुरा गए थे। रात को बारात से वापस लौट रहे थे। साढ़े 10 बजे करीब करनेश्वर महादेव रोड़ उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची घायलों को इलाज के लिए न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल लाया गया।

# गठबंधन रहेगा, पर मंत्री पद नहीं! स्टालिन ने कांग्रेस के लिए तमिलनाडु में खींची 'रेड लाइन'

**चैन्नई, 12 फरवरी (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बुधवार को कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए, क्योंकि राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं। इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में बोलते हुए, स्टालिन ने कांग्रेस जैसे डीएमके के सहयोगियों के साथ किसी भी प्रकार के साझा शासन मॉडल को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया। हाल ही में कांग्रेस के भीतर से कुछ नेताओं ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की मांग उठाई थी। स्टालिन ने जोर देकर कहा कि सत्ता-साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहीं होगी। स्टालिन ने कहा कि शासन में हिस्सेदारी की मांग तमिलनाडु पर लागू नहीं होती। वे इसे हमसे बेहतर जानते हैं। यह नारा उन लोगों की सोची-समझी साजिश है जो हमें एकजुट नहीं देख सकते। हालांकि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि राज्य में चुनाव होने पर कांग्रेस सहयोगी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निश्चित रूप से डीएमके गठबंधन में बनी रहेगी। हमारा गठबंधन सौहार्दपूर्ण है। मीडिया जानबूझकर कुछ अनावश्यक धारणाएं बना रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अपने संबंधों को दोनों पार्टियों के बीच निरंतर गठबंधन का एक महत्वपूर्ण तत्व बताया। गांधी ने डीएमके नेता कनिमोझी से बातचीत करके गठबंधन में तनाव कम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है ताकि कांग्रेस डीएमके के साथ बनी रहे।

# विधानसभा में आज से बजट बहस, अगले सप्ताह जवाब

## कई और घोषणाएं करेंगी दीया कुमारी, सरकार बताएगी स्टेट हाईवे टोल फ्री होंगे या नहीं

**सांध्य ज्योति संवाददाता**

**जयपुर, 12 फरवरी।** विधानसभा में आज प्रश्नकाल और शून्यकाल के बाद बजट पर बहस शुरू होगी। बजट पर बहस के दौरान विपक्षी कांग्रेस और सत्ताधारी भाजपा के विधायकों के बीच जमकर वार पलटवार के दौर चलेंगे।

सरकारी नौकरियों की घोषणा नहीं होने और बढ़ते कर्ज को लेकर कांग्रेस, भाजपा विधायक एक दूसरे की सरकारों की कमियां-खामियां गिनाएंगे। बजट बहस शुरू होने से पहले विधानसभा में कार्य सलाहकार समिति की बैठक में हुए फैसलों की जानकारी दी जाएगी। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग बीएसी के फैसलों का प्रतिवेदन पढ़कर सुनाएंगे। अगले सप्ताह डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दीया कुमारी बजट बहस का जवाब देंगी। बजट बहस का जवाब देते हुए भी कई बड़ी घोषणाएं करने की परंपरा रही



है, ऐसे में उस समय कई घोषणाएं होने के आसार हैं।

**स्टेट हाईवे टोल फ्री करने या नहीं करने पर आएगा जवाब :** विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान स्टेट हाईवे टोल फ्री करने या नहीं करने को लेकर सरकार का रूख साफ होगा। सिकराय से भाजपा विधायक विक्रम बंशीवाल ने स्टेट हाईवे पर छोटे वाहनों को टोल फ्री करने पर सरकार से सवाल पूछा है। इस सवाल पर प्रश्नकाल में डिप्टी सीएम और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा जवाब देंगे। वसुंधरा राजे सरकार के समय स्टेट हाईवे से छोटे वाहनों को टोल फ्री किया था। बाद में कांग्रेस सरकार ने इस फैसले को बदलते हुए फिर से छोटे वाहनों से टोल वसूली शुरू कर दी थी।

**राइट टू हेल्थ कानून के नियमों पर भी सरकार रूख साफ करेगी :** पिछली गहलोत सरकार के समय बने राइट टू हेल्थ एक्ट के नियम अब तक लागू नहीं होने के मुद्दे पर भी आज स्थिति साफ होगी। कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने राइट टू हेल्थ पर सवाल लगाया है। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर राइट टू हेल्थ के नियम लागू करने को लेकर सरकार का स्टेंड बताएंगे। इस कानून को लेकर खूब सियासी आरोप प्रत्यारोप का दौर चला है।

## 21-22 फरवरी को कोटा महोत्सव

**कोटा, 12 फरवरी।** कोटा में 21 और 22 फरवरी को होने वाले कोटा महोत्सव के दौरान फोटो कॉन्टेस्ट और एग्जीबिशन का आयोजन होगा, जहां आप अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं। अगर आप फोटोग्राफी के शौकीन हैं, तो 15 फरवरी तक अपनी एंट्री जमा करें। कोटा के खूबसूरत पर्यटन स्थलों, दर्शनीय जगहों और वन्य जीवन की खुद से ली गई तस्वीरें भेजें,चाहे प्रोफेशनल कैमरा से हो या मोबाइल से। दोनों कैटेगरी अलग-अलग होंगी। एंट्रीज 15 फरवरी दोपहर 12 बजे तक स्वीकार की जाएंगी। इसके लिए उप वन संरक्षक वन्य जीव कोटा अनुराग भटनागर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रतिभागी अपनी चयनित फोटो की एंट्री के लिए उप वन संरक्षक वन्य जीव कार्यालय स्टेडियम के सामने नयापुरा कोटा में भी संपर्क स्थापित कर सकते हैं। कोटा महोत्सव के तहत 21 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक लोकल टेलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसके लिए 11 से 18 फरवरी तक प्रतिभागी अपना नाम भेज सकते हैं। लोकल टेलेंट हंट के तहत एकल एवं सामूहिक नृत्य तथा गायन के लिए अपना नाम भेज सकता है। कोटा महोत्सव में 21 फरवरी को शाम 4 से 5 बजे तक आयोजित होने वाले घूमर शो के लिए भी प्रतिभागियों से नाम आमंत्रित किए गए हैं। घूमर शो के लिए प्रतिभागी 11 से 18 फरवरी तक अपने नाम भेज सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी. एल. टॉवर 3-ए- विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित, संपादक अजय शर्मा, फोन : 0141-2709102, 2944103,
डाक पं.सं. / जेपीसी/012/2024-26 | आरएनआई नंबर-: 48401/88 Email- sjdjp01@yahoo.co.in, Jyoti.sandhya@gmail.com